# डीएम ने मतगणना स्थल का लिया जायजा, तैयारियां देखीं

## मतगणना कक्ष में मोबाइल, केलकुलेटर व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट नहीं ले जा सकेंगे एजेंट, डीएम ने की बैठक


मतगणना स्थल का मुआयना करते डीएम अभिषेक आनंद व अन्य अधिकारी। अमृत विचार


प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि प्रत्याशियों के एजेंट मतगणना कक्ष में मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। वे वहां लगे लैंडलाइन फोन से ही बातचीत कर सकेंगे।

बुधवार को डीएम ने मतगणना की तैयारी के संबंध में प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें तैयारियों की समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना रामायण मेला स्थल सीतापुर में चार जून को सुबह आठ बजे शुरू होगी अतः एजेंट वहां छह बजे पहुंच जाएं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रहेगी। मतगणना के लिए विधानसभा मानिकपुर व चित्रकूट क्षेत्र के लिए 14-14 टेबल लगाई गई हैं। हर टेबल पर एजेंट रहेंगे और एजेंट मोबाइल फोन, पेजर, स्मार्ट वॉच, केलकुलेटर मतगणना कक्ष में नहीं ले जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हर टेबल पर सीसीटीवी कैमरे लगे रहेंगे व वीडियो ग्राफी भी कराई जाएगी।

मतगणना मजिस्ट्रेट के साथ ही साथ आब्जर्वर भी मौजूद रहेंगे। डीएम ने कहा कि पार्टियों के एजेंटों के पास रिटर्निंग ऑफिसर बांदा द्वारा जारी किए जाएंगे। मतगणना के पश्चात ईवीएम कलेक्ट्रेट के स्ट्रांग रूम में आएगी। डीएम ने सभी से समस्याओं की भी जानकारी ली।

बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, एसडीएम सतीश चंद्र, प्रत्याशी प्रतिनिधि सपा मनफूल पटेल उर्फ अभिलाष सिंह, जिलाध्यक्ष आप संतोषी लाल शुक्ला, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कुशल सिंह पटेल, एजेंट बसपा विजय प्रकाश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष शिव बाबू वर्मा, जिला सचिव सीपीआई अमित यादव, प्रत्याशी बाबूलाल, निर्वाचन अभिकर्ता भाजपा लक्ष्मण सिंह, रवि प्रकाश, भाजपा उपाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

### मुआयना कर दिए दिशा-निर्देश

डीएम अभिषेक आनंद ने मतगणना स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर व स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और एडीएम को निर्देश दिए कि मतगणना एजेंट एवं मतगणना कार्मिकों के लिए मुख्य द्वारों पर साइन बोर्ड लगाए जाएं। डीएम ने सीसीटीवी कैमरा का संचालन देखा और रैन बसेरा की ओर और सीसीटीवी कैमरे बढ़ाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, एक्सईएन पीडब्लूडी सत्येंद्र नाथ, ईओ आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# लोक अदालत में निपटाएं ज्यादा से ज्यादा मामले

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- जिला जज की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अमृत विचार।** 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बुधवार को जिला जज और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास कुमार प्रथम ने न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामले निपटाएं।

बैठक में अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीलू मेनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, विद्युत अधिनियम, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों का निस्तारण किया जाएगा। पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण श्रीकृष्ण यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए चार जून, 12 जून, 18 जून, 26 जून, 29 जून व तीन जुलाई को प्री-ट्रायल के लिए तिथियां तय की गई हैं। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राकेश कुमार यादव ने भी प्री ट्रायल तिथियों की जानकारी दी। बताया गया कि 13 जून, 19 जून, 24, 28 जून व तीन जुलाई को पक्षकार उपस्थित होकर मुकदमे को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते हैं। बैठक में अनुराग कुरील प्रथम अपर जिला जज, राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज, सूर्यकांत धर दूबे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज (सी.डि.), इला चौधरी अतिरिक्त सिविल जज सी.डि., सोनम गुप्ता सिविल जज (सी.डि.) एफटीसी, राजेंद्र कुमार भारती सिविल जज (जू.डि.) मऊ, सैफाली यादव सिविल जज (जू.डि.) आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### संयम रखें प्रत्याशियों के समर्थक : अजीत

**चित्रकूट।** बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के समर्थकों से चुनाव परिणाम वाले दिन संयम रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जीत के बाद न तो विजय का उन्माद होना चाहिए और न ही चुनाव हारने पर हताशा का भाव मन में घर करना चाहिए। अजीत ने कहा कि लोकसभा चुनाव का परिणाम चार जून को आना है। सभी में उत्सुकता है। हार जीत को लेकर बाजियां लग रहीं हैं और सभई अपने-अपने नेता की जीत के लिए समीकरण बता रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि चुनाव परिणाम आने पर सभी शांति व संयम का परिचय दें।

### पत्नी के खाते का भुगतान कराने की लगाई गुहार

**चित्रकूट।** शत्रुघ्नपुरी निवासी रामलाल ने अग्रणी जिला प्रबंधक को पत्र भेजकर पत्नी के बकाये का भुगतान कराने की गुहार की है। उसने बताया कि उसकी पत्नी ब्रजरानी का इंडियन बैंक की तरौंहा शाखा में खाता है। पत्नी का बीते दिनों निधन हो गया है। उसने इस संबंध में सभी दस्तावेज भी जमा कर दिए हैं। उसने पारिवारिक परिस्थितियां बताते हुए खाते के रुपये भुगतान कराने की गुहार की है।

### सपा नेता ने कमिश्नर से की रिकार्ड कीपर की शिकायत

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य अनुज सिंह यादव ने मंडलायुक्त को पत्र भेजकर राजस्व अभिलेखागार कार्यालय में नियुक्त रिकार्ड कीपर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। सपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष अनुज का कहना है कि उक्त क्लर्क पर कई लोगों ने दुर्व्यवहार करने की भी शिकायत की है। अनुज ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालय राजस्व अभिलेखागार में नियुक्त रिकार्डकीपर द्वारा किए जा रहे कथित भ्रष्टाचार और दुर्व्यवहार के विषय में जिले के कई लोगों ने शिकायत की है। सपा नेता ने कमिश्नर से अनुरोध किया है कि इस कर्मचारी को ऐसे महत्वपूर्ण विभाग से हटाकर दंडित किया जाए।

# आफत : गर्मी का कहर जारी, दो लोगों की लू लगने से हुई मौत

संवाददाता, राजापुर/पहाड़ी (चित्रकूट)



**47** के आस-पास घूम रहा है जिले का तापमान

- राजापुर के हनुमानगंज निवासी गोपाल सोनी की हुई मौत
- वार्ड नंबर पांच निवासी वृद्धा कुन्नु देवी की गई जान

**अमृत विचार।** नौतपा में भीषण गर्मी के कहर से अब लोगों की जान पर बन आई है। दो लोगों को लू लगने से मौत की खबर है। इस भीषण गर्मी में पारा 47 डिग्री के आसपास घूम रहा है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी तपन और बढ़ेगी। इसलिये उन्होंने कहा कि लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

जानकारी के मुताबिक, राजापुर के हनुमानगंज निवासी गोपाल सोनी (50), जो कुछ महीने से मानसिक रूप से बीमार था, बुधवार को बाईपास तिराहे के समीप पड़ा मिला। लोगों की सूचना पर परिजन वहां पहुंचे और उसकी शिनाख्त की। वहां पर मौजूद प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि गोपाल कौशांबी जिले के भरवारी गांव में पत्नी व दो पुत्रियों के साथ रहता था। एक साल पहले वह पैतृक कस्बा राजापुर में आ गया था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। एसओ ने बताया कि मृतक गोपाल के शरीर मे बड़े-बड़े फफोलो पड़े हुए थे। उसकी लू लगने से मौत होने की आशंका है।

वहीं राजापुर नगर पंचायत वार्ड नंबर पांच आजादनगर निवासी वृद्धा की लू लगने से मौत हो गई है। वृद्धा के पुत्र मइयादीन ने बताया कि उसकी मां कुन्नु देवी (70) पत्नी भोडा अपनी रिश्तेदारी में जाने के लिए निकली थी। उसने गोसाईपुर का टिकट बनवाया लेकिन कंडक्टर ने लोनार श्रमदान के पास उतार दिया। लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी में प्यास से बेहाल वृद्धा पास में ही एक तालाब को देखकर पानी पीने के लिए जा रही थी कि चक्कर खाकर गिर पड़ी और दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने थाना पहाड़ी पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर परिजनों को सूचना दी। पहाड़ी के प्रभारी निरीक्षक श्याम सिंह पटेल ने बताया कि प्रथमदृष्टया लू लगने से मौत की आशंका है। वृद्धा के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

# आर्म्स एक्ट में दो दोषियों को पांच माह की हुई जेल

**चित्रकूट।** आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी दो लोगों को न्यायालय ने पांच-पांच माह कारावास की सजा दी साथ ही

सहायक अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार ने बताया कि राजापुर थाना क्षेत्र के पटवरिया सानी गांव निवासी संपति प्रजापति के विरुद्ध जनवरी में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। इसी प्रकार हरियाणा के कैथल जिलांतर्गत केवडा निवासी गोपाल रैदास पर वर्ष 2023 में राजापुर थाने में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने इन दोनों अलग-अलग मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद बुधवार को सिविल जज (सी. डि.) सचिन कुमार दीक्षित ने निर्णय सुनाया। गोपाल रैदास और संपति को पांच-माह कारावास व 500-500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

# समय से इलाज न होता तो महिला की मौत हो जाती : डॉ. आडवाणी

संवाददाता सीतापुर (चित्रकूट)


डॉ. पूनम आडवाणी। अमृत विचार

- महिला के पेट से निकले बालों के गुच्छे का मामला

**अमृत विचार।** डॉ. पूनम आडवाणी ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान पड़ी बाल खाने की लत और उसकी वजह से आमाशय में बना गुच्छा अगर समय से न निकाला जाता तो महिला की मौत भी हो सकती थी। जानकीकुंड अस्पताल में महिला का सफल आपरेशन चर्चा का विषय बना हुआ है।

गौरतलब है कि श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित जानकीकुंड चिकित्सालय में बीते दिनों महोबा निवासी एक 25 वर्षीय महिला के आमाशय से आपरेशन के बाद तकरीबन ढाई किलो बालों का गुच्छा निकाला गया। ऑपरेशन वरिष्ठ सर्जन डॉ. पूनम आडवाणी (निर्मला गेहानी) ने किया। डॉ. आडवाणी बताती हैं कि इस प्रकार के जो केस को मेडिकल की भाषा में ट्राइकोमेज्योर कहा जाता है। बाल खाने वाली महिलाएं अक्सर कम उम्र की होती हैं और मनोरोगी भी होती हैं। बताया कि आमतौर पर इस प्रकार के अमूमन एक प्रतिशत मामले ही होते हैं। उनके अब तक के चिकित्सीय जीवन में इस प्रकार के कुल तीन केस ही सामने आए हैं। इनमें एक नौ साल का बच्चा था, दूसरी एक 18 साल की लड़की थी और तीसरा यह मामला है। इस महिला के पांच वर्ष, दो वर्ष और पांच माह के बच्चे हैं। इसको दूसरी प्रेगनेंसी के दौरान बाल खाने की आदत पड़ गई थी। महिला जहां अपने बालों को तो खाती ही थी, आसपास पड़े दूसरों के बालों को भी खा लेती थी। बालों को खाने की लत से महिला का आमाशय बिल्कुल भर गया था और बालों के गुच्छे ने बिल्कुल आमाशय का रूप ले लिया था। अल्ट्रासाउंड से भी इसकी जानकारी नहीं हुई तो सीटी स्कैन कराया गया। उसको लगातार उल्टियां हो रही थीं और खाना भी नहीं खा पा रही थी। डॉ. आडवाणी के अनुसार, ऐसी स्थिति में महिला की मौत भी हो सकती थी। उन्होंने बताया कि लगभग दो घंटे के ऑपरेशन के बाद बड़ी मशक्कत के बाद ये बालों का गुच्छा निकाला जा सका। चिकित्सालय के डॉयरेक्टर डॉ. बीके जैन, ट्रस्टी डॉ. इलेश जैन ने सफल ऑपरेशन के लिए डॉ. पूनम आडवाणी, डॉ. कमल मंडलोई और उनकी टीम को बधाई दी।

# कंपोजिट विद्यालय राजापुर की शिक्षिका की सेवा समाप्त

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- अनुत्तीर्ण होने के बाद भी लगाया टीईटी उत्तीर्ण का प्रमाणपत्र
- एसटीएफ की जांच के आधार पर की गई कार्रवाई

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव प्रकाश यादव ने कंपोजिट विद्यालय राजापुर विकास खंड रामनगर की सहायक अध्यापिका मंजू देवी की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। वह टीईटी में अनुत्तीर्ण थी और उन पर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर नौकरी करने का आरोप सत्य पाया गया। एसटीएफ की जांच के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

बीएसए ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्पेशल टास्क फोर्स लखनऊ ने एक सितंबर 23 के पत्र के माध्यम से सूचित किया था कि शिक्षक भर्तियों में हुई अनियमितताओं की शिकायत उनके द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में उन्होंने कंपोजिट/ प्राथमिक विद्यालय राजापुर में कार्यरत सहायक अध्यापिका मंजू देवी पुत्री विजय बहादुर सिंह के सभी शैक्षिक दस्तावेज और नियुक्ति से संबंधित प्रपत्र मांगे थे। 20 फरवरी 24 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ने बताया कि शिक्षिका ने प्रपत्र में खुद को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) में उत्तीर्ण दिखाया है, जबकि जांच में पता चला कि वह अनुत्तीर्ण हैं।

### अंततः सेवाएं समाप्त की गईं

बीएसए ने बताया कि अंतिम अवसर देते हुए शिक्षिका को फिर अपने पक्ष में कोई तथ्यात्मक साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा गया पर वह ऐसा नहीं कर सकी। ऐसे में यह नियुक्ति पत्र में प्रतिबंध के आधार पर यह पाते हुए कि अध्यापिका मंजू देवी ने चयन के लिए कूटरचित प्रमाणपत्र का सहारा लिया और एक योग्य अर्हताधारी का हक जानबूझकर मारा, सेवाएं नियुक्ति तिथि से निरस्त कर दी गईं।

### बीएसए ने भी कराया सत्यापन

बीएसए ने बताया कि शिक्षिका के संबंध में अंतिम निर्णय लिए जाने से पहले उन्होंने बीईओ रामनगर नागेश्वर प्रसाद सिंह को माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज में इसके सत्यापन के लिए भेजा। सचिव माध्यमिक परिषद ने भी 5 अप्रैल के पत्र से इस बात की पुष्टि की कि शिक्षिका टीईटी में अनुत्तीर्ण है।

### शिक्षिका ने खुद को बताया सही

बीएसए ने बताया कि इसके बाद जब शिक्षिका को कारण बताओ नोटिस दी गई तो उसने कहा कि उसे सभी प्रमाणपत्रों के सत्यापन के बाद ही वेतन का भुगतान किया जा रहा है और ऐसे में लगभग 10 साल बाद यह कहना कि प्रमाणपत्र फर्जी है ।

### फिर हुई अनुत्तीर्ण होने की पुष्टि

बीएसए के अनुसार, इस पर न्यायहित में शिक्षिका को एक बार फिर अवसर देते हुए बीईओ चित्रकूट अतुल दत्त तिवारी को एक बार फिर माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज भेजा गया। सचिव ने 30 अप्रैल के अपने पत्र में फिर इस बात की पुष्टि की कि आनलाइन और आफलाइन सत्यापन के अनुसार, मंजू देवी का टीईटी का परिणाम अनुत्तीर्ण है।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम में मौजूद किशोरियां। अमृत विचार

### किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता की दी जानकारी

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में बरगढ़ एवं मानिकपुर के गांवों में महिलाओं और किशोरियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने महिला और किशोरियों को माहवारी चक्र, स्वच्छता प्रबंधन, सेनेटरी पैड, रियूजेबल सेनेटरी पैड आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों का भी निवारण किया। मौजूद महिलाओं व किशोरियों को सेनेटरी पैड वितरित किए गए। मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के डॉ. नीरज, डॉ. सुलेखा ने महत्वपूर्ण बातें बताईं। कार्यक्रम में रोहणी, अखिलेश कुमार, रीता, ज्योति, स्वाति, संध्या, सपना, मनीष मिश्रा, शिखा, अंजू, दीप चंद्र, अशोक, राजधर, संतोष आदि के अलावा महिला कांस्टेबल भी मौजूद रहीं।

### धर्मशाला से नकदी और मोबाइल किया पार

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चोरों ने एक धर्मशाला के रसोइये की नकदी और मोबाइल पार कर दिया। चौकी से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर हुई इस घटना से लोगों में रोष है। घटना मंगलवार रात की है। चौकी खोही अंतर्गत परिक्रमा मार्ग पर बरहा हनुमान जी मंदिर के सामने स्थित खंगार धर्मशाला से चोरों ने पंद्रह हजार रुपये नकद और मोबाइल चोरी कर लिया। सुबह जब धर्मशाला के भंडारी (रसोइया) नत्थू प्रसाद उर्फ अडगड बाबा ने कमरा अस्त व्यस्त देखा तो महंत कुबेर पुरी को बताया और चौकी में तहरीर दी। लोगों का कहना है कि आये दिन इस तरह की पुलिसिया चौकसी के प्रति विश्वास कम हो रहा है।

### चार आरोपियों पर लगाया मिनी गुंडा एक्ट

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्य ने गुंडागर्दी के आरोप में चार पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। पुलिस ने सूरज शुक्ला पुत्र श्रवण कुमार निवासी बिलरा मजरा रैपुरा, माधव प्रसाद चौबे पुत्र स्व. रामप्रकाश निवासी पटेरी मजरा गोइयां, महेंद्र पुत्र समयलाल निवासी विनोबानगर और शुभम द्विवेदी पुत्र हरिश्चंद्र निवासी बरगढ़ के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्रवाई की है।

### जिम्मेदारों की मिलीभगत से हो रही हरे पेड़ों की कटान

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** इलाके में हरे पेड़ों की कटान के आरोप लग रहे हैं। लोगों का कहना है कि वनकर्मियों की मिलीभगत से यह गलत कार्य किया जा रहा है। पहाड़ी थाना क्षेत्र में इन दिनों हरे पेड़ों की कटान तेजी से हो रही है। वाहनों में ले जाये जा रह हरे पेड़ों की डालें अक्सर दिख जाती हैं लकड़ी माफिया बेखौफ हरे पेड़ काट रहे हैं। बताया तो यहां तक जाता है कि ये लोग एक दो पेड़ काटने की अनुमति लेते हैं और पूरा इलाका साफ कर देते हैं। एक ओर लाखों खर्च कर पौधरोपण अभियान चलाया जाता है वहीं दूसरी ओर अधिकारियों कर्मचारियों की उदासीनता से हरे पेड़ों पर आरी चल जाती है। समाजसेवी आशीष सिंह रघुवंशी और अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि वन विभाग के जिम्मेदार शासन की मंशा को धूल धूसरित कर रहे हैं। बताया कि कर्वी राजापुर मार्ग पर असोह गांव स्थित सिंघानिया तालाब से लेकर बकटा बुजुर्ग श्रमदान तक सिर्फ पेड़ों के ठूंठ ही नजर आ रहे हैं। लोगों को यह तक नहीं पता कि इस क्षेत्र में वन विभाग के किस कर्मचारी की नियुक्ति है। बताया कि जल्द ही शासन से शिकायत की जाएगी।

**अनदेखी** — मंडल के चारों जनपदों बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट में करीब 50 करोड़ से अधिक खर्च कर 1402 ग्राम सचिवालय बनवाए गए थे

# लापरवाही : बेमतलब साबित हो रहे ग्राम सचिवालय

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)



जमहिल के ग्राम सचिवालय में सचिव कक्ष पर लटका ताला।



मीटिंग हाल और प्रधान के कमरों पर लटक रहे ताले।


ग्राम प्रधान हरि प्रसाद।

- ग्रामीणों को गांव में मिलने वाली सुविधाएं हुईं ठप
- कई जगहों पर तो पंचायत सहायकों की तैनाती तक नहीं

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की सुविधा लिए बनाए गए महत्वाकांक्षी ग्राम सचिवालय जिम्मेदारों की उपेक्षा का उदाहरण बनकर रह गए हैं। इनमें कहीं ताला लगा है तो कहीं गंदगी का ढेर लगा है। कई जगहों पर तो पंचायत सहायकों की तैनाती तक नहीं है।

ग्रामीण क्षेत्रों में एक ही छत के नीचे सभी तरह की ऑनलाइन सुविधा मुहैया कराने के लिए खोले गए ग्राम सचिवालय महज शोपीस साबित हो रहे हैं। इसमें आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, वोटर आईडी, खसरा खतौनी, बिजली का बिल, परिवार रजिस्टर की नकल आदि सुविधाएं मिलने की बात कही गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि इनमें न तो कोई कर्मचारी बैठता है और न कोई काम होता है। कई ग्राम सचिवालय तो गंदगी से पटे पड़े हैं। इनकी सफाई तक नहीं कराई गई। एक जानकारी के अनुसार, मंडल के चारों जनपदों बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट में करीब 50 करोड़ से अधिक खर्च कर 1402 ग्राम सचिवालय बनवाए गए। कंप्यूटर और उपकरण रखे गए, पंचायत सहायक की तैनाती की गई, जनसेवा केंद्र खोला गया लेकिन पूरी कवायद निरर्थक रही। ग्रामीण पहले की तरह आज भी छोटे-छोटे कामों के लिए जनपद या तहसील मुख्यालय की दौड़ लगा रहे हैं।

### एडीओ बोले, होगी कार्रवाई

इस संबंध में एडीओ पंचायत पहाड़ी कमल कुमार से बात की गई। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत का कार्यालय रोज खुलना चाहिए। यहां पर पंचायत सहायक की तैनाती है, अन्य कर्मचारियों के आने के दिन निश्चित हैं। अगर ग्राम सचिवालय बंद रहते हैं तो जांच कराएंगे और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### पहाड़ी ब्लाक में हालात बद से बदतर

ग्रामीणों की मानें तो विकासखंड पहाड़ी अंतर्गत दर्जनों गांवों में आज भी ग्राम सचिवालय में कोई काम नहीं कराया जा रहा। साफ-सफाई समय से न होने के चलते चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

### ग्रामीणों ने जताया रोष

ग्राम पंचायत जमहिल के माता प्रसाद, बोधीलाल, शिवपूजन आदि ने बताया कि ग्राम सचिवालय में ताला बंद रहता है। कोई कर्मचारी नहीं बैठता। कभी कभार प्रधान व सचिव निजी काम से आते हैं। काम होने के बाद बंद कर दिया जाता है। ग्राम प्रधान हरिप्रसाद ने बताया कि पंचायत सहायक की करीब छह माह से नियुक्ति नहीं है। पूर्व में रहीं ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा गांव के ही एक युवक से कार्य कराया जाता रहा लेकिन अब तो सचिव खुद गांव नहीं आते और न पंचायत सहायक से कार्य करवाते हैं।

### समय तय पर कोई ध्यान नहीं देता

गौरतलब है कि ग्राम सचिवालयों में सोमवार से शनिवार तक कर्मचारियों के बैठने का भी समय तय किया गया है। लेखपाल, सचिव, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, संबंधित बीट के सिपाही सहित राजस्व विभाग के कर्मचारियों का सुबह 10 से 12 बजे तक बैठना दिनों के आधार पर अनिवार्य है कि ग्रामीणों के हर समस्या का समाधान तत्काल किया जा सके। पर ऐसा होता नहीं।

# कटौती के खिलाफ फूटा गुस्सा, अफसरों को बनाया बंधक

## बीते 24 घंटे से अधिक समय से गुल है शहर के गंगानगर इलाके की बिजली, गर्मी में बिलबिला रहे बच्चे, पॉवर हाउस में लोगों ने काटा हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बांदा


तुलसी नगर सब स्टेशन में हंगामा करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच जहां जनपद का तापमान अर्धशतक लगाने के करीब पहुंच गया है, वहीं बिजली की अघोषित कटौती बवाले जान बनती जा रही है। बिजली गुल हो जाने के कारण जहां घरों में मौजूद मासूम बच्चे और महिलाएं बेहाल हो रही हैं, वहीं शहर के लोगों के सब्र का बांध भी अब टूटने लगा है। मंगलवार की रात शहर के गंगानगर मोहल्ले के लोग सड़क पर उतर आए और तुलसीनगर विद्युत सब स्टेशन में धावा बोल दिया और जमकर हंगामा काटा।

शहर में जहां बीते चार दिनों से आसमान से आग बरस रही है, वहीं गर्मी के मौसम में ही बिजली आपूर्ति का रोना भी शुरू हो गया है। शहर के दर्जन भर मोहल्लों में बिजली की आवाजाही ने लोगों का जीना हराम कर रखा है। कभी बन्योटा की बिजली 24 घंटे के लिए ठप हो जाती है तो कभी गंगानगर इलाके में लोग बिजली आपूर्ति के लिए तरस रहे हैं। शहर के कालूकुआं, छोटी बाजार, स्वराज कालोनी, बाबूलाल चौराहा, अलीगंज, नवाबटैंक, वृद्धाश्रम, इंदिरा नगर, आवास विकास, मर्दन नाका, खाईपार, छिपटहरी, छाबी तालाब, कैलाशपुरी आदि मोहल्लों के लोग बिजली की अघोषित कटौती से आजिज आ चुके हैं।

भीषण गर्मी में बिजली कटौती कोढ़ में खाज बनी हुई है। बिजली विभाग के अफसर जहां बढ़ते तापमान और ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोड को बिजली की अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार बता कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं, वहीं शहर के लोग इसके पीछे बिजली विभाग के अफसरों की लापरवाही को ही उत्तरदायी ठहराते हैं। बीते 24 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रहने के बाद शहर के गंगानगर के लोगों का गुस्सा मंगलवार की फूट पड़ा और मोहल्ले के लोगों ने एकत्र होकर तुलसी नगर पावर हाउस में धावा बोल दिया।

पावर हाउस में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने लोगों के हुजूम को रोकने का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट कर दी। लोगों का आक्रोश इतने से ही शांत नहीं हुआ, सब स्टेशन में मौजूद एसडीओ और जेई समेत कर्मचारियों को बंधक बना लिया।

लोगों का कहना था कि जब तक उनके मोहल्ले की बिजली दुरुस्त नहीं होगी, तब तक अधिकारी व कर्मचारी बंधक रखे जाएंगे। अधिकारियों की सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने डंडा फटकार कर लोगों को खदेड़ने का प्रयास किया, लेकिन बात बनती नहीं दिखी। बाद में विभागीय अफसरों के आश्वासन के बाद लोगों ने अपने घर का रुख किया।

देर रात बिजली कर्मचारियों ने मोहल्ले में पहुंचकर खामियों को दुरुस्त किया और कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार की सुबह करीब 4 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। गंगा नगर मोहल्ले की अव्यवस्था तो महज एक बानगी मात्र है, कमोवेश ऐसा ही हाल शहर के करीब दर्जनभर से अधिक मोहल्लों का है। विद्युत आपूर्ति की चरमराई व्यवस्था ने लोगों के दिन का सुकून और रातों की नीद हराम कर रखी है।

### एक्सईएन छुट्टी पर, भगवान भरोसे बिजली की आपूर्ति

**बांदा।** भीषण गर्मी के बीच हो रही बिजली आपूर्ति की अव्यवस्था को लेकर अधीक्षण अभियंता रजनेश गुप्ता का कहना है कि बिजली आपूर्ति की खामियों के लिए ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोड और तापमान में बेतहाशा वृद्धि जिम्मेदार है। उधर अधिशाषी अभियंता नगरीय प्रकाश देव पांडेय विद्युत आपूर्ति की चरमराई व्यवस्था से आजिज होकर लंबे अवकाश पर चले गए हैं। और तो और एक्सइएन श्री पांडेय अपने काम की जिम्मेदारी भी किसी को नहीं सौंप गए। ऐसे में बिजली आपूर्ति अब भगवान भरोसे ही है। हालांकि एसई श्री गुप्ता का कहना है कि विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के लिए नगरीय क्षेत्र के किसी एसडीओ को एक्सइएन का अतिरिक्त कार्यभार सौंप कर काम चलाया जाएगा।


सुरक्षा की दृष्टि से सब स्टेशन में तैनात पुलिसबल। अमृत विचार

### गर्मी में बदल रहे केबल, फूट रहा लोगों का गुस्सा

- शासन स्तर से विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बहुत पहले ही ल्यूमिनो प्राइवेट लि.कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी थी, लेकिन कंपनी और विभाग के अफसरों की मिलीभगत के चलते शहरी क्षेत्र की जर्जर केबल व विद्युत पोलों को बदला नहीं जा सका। आलम यह है कि जब भीषण गर्मी और 49 डिग्री तापमान के बीच लोग घरों में उबल रहे हैं, वहीं कंपनी के कर्मचारी शट डाउन लेकर जर्जर तार आदि बदलने का काम शुरू करते हैं। इतना ही नहीं कंपनी के लोग बिजली आपूर्ति बंद करने के बाद खंभों से तार खोल कर निकाल देते हैं, लेकिन नए तार डालने के काम में जमकर लापरवाही करते हैं। ऐसे में कई बार मोहल्ले के लोगों के साथ इनकी तू-तू मैं-मैं भी हो जाती है। लोगों का कहना है कि कंपनी के कर्मचारी सुबह से शटडाउन तो ले लेते हैं, लेकिन काम शाम चार बजे के बाद शुरू करते हैं और देर रात तक काम पूरा कर पाते हैं। ऐसे में लगभग 12 से 14 घंटे तक संबंधित इलाके की आपूर्ति बाधित रहती है और लोग गर्मी में बिलबिलाने को मजबूर रहते हैं।

# चार हत्यारोपियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- न्यायालय ने 50 हजार का अर्थदंड लगाया
- जुर्माना न देने पर भुगतना होगा अतिरिक्त कारावास



**अमृत विचार।** आपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस द्वारा प्रभावी विवेचना के साथ अभियुक्तों को कड़ी सजा दिलाए जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक व्यक्ति की लाठी डंडों से पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले में चार अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित कराया गया है।

बबेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदेहदू में बीती 10 जुलाई 2018 की सुबह लगभग 04.45 बजे चार अभियुक्तों अरुण, संजय, अजय व विजय द्वारा जमीन बंटवारे के विवाद को लेकर परिवार के ही रामदीन पुत्र सुखदेव की घर के बाहर रोड के किनारे सोते समय लाठी डंडो से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस सम्बन्ध में मृतक के पुत्र प्रमोद कुमार पटेल की तहरीर पर थाना बबेरू में पंजीकृत कराया गया था, जिसकी विवेचना निरीक्षक आनन्द कुमार सिंह द्वारा की गयी थी। इस पर विवेचक द्वारा साक्ष्य संकलन करते हुए आरोपियों को 12 जुलाई 2018 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। 21 अक्टूर 2018 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिए गए थे। अभियोजक विजय बहादुर सिंह व उमाशंकर पाल द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई, साथ ही कोर्ट मोहर्रिर मुख्य आरक्षी विवेक कुमार तथा पैरोकार आरक्षी चक्रधारी के अथक प्रयासों से अभियुक्तों को न्यायालय जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है।

# भीषण गर्मी में विवि परीक्षाएं बनीं बवाले जान

संवाददाता, अतर्रा

**अमृत विचार।** भीषण तपन और तेज गर्मी में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध जिले के तमाम महाविद्यालयों में चल रहीं सेमेस्टर परीक्षाएं छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों की लिए आफत बन गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पदाधिकारियों ने कुलपति को तानाशाह बताते हुए भीषण गर्मी में परीक्षाएं स्थगित कराए जाने की मांग की है।

वर्तमान समय में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं उससे संबद्ध कालेजों में चल रही हैं। परीक्षाओं को तीन शिफ्ट में रखा गया है। इस भीषण गर्मी में परीक्षाओं के कारण छात्र-छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बुंदेलखंड का तापमान 49 डिग्री सेल्सियस के बीच में चल रहा है। ऐसे में छात्रों को परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में झोंक दिया गया है। हर तरफ गर्मी से लोग बिलबिला रहे हैं।

पंखे कूलर आग उगल रहे हैं। दोपहर की शिफ्ट में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों को भयंकर धूप में निकलना पड़ता है। तमाम छात्रों के पीठ व शरीर पर फफोले पड़ गये हैं। हीट के कारण उनका बेहोश होकर गिर जाना आम बात है। वहीं दूसरी तरफ परीक्षा देते समय अधिकतर छात्र-छात्राएं बेहोश हो जाते हैं। विद्यार्थियों में भय व्याप्त हो जाता है। परीक्षा ड्यूटी दे रहे कक्ष निरीक्षकों ने भी ऐसे समय में परीक्षा आयोजित करने को गलत बताया है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय सदस्य ऋषभ सिंह ने कुलपति को तानाशाह बताते हुए कहा कि एसी रूम में बैठ कर परीक्षा कार्यक्रम बनाने वालों को छात्रों की समस्याओ से कोई मतलब नहीं है। छात्र नेता गोविंद उपाध्याय ने कहा छात्र परीक्षाओं के कारण बीमार हो रहे हैं। विद्यार्थी परिषद ने सेमेस्टर परीक्षाएं स्थगित कराए जाने की मांग की है।

### गर्मी से निजात पाने को ग्रामीणों ने रामधुन के साथ की विशेष प्रार्थना

**बबेरू।** तेज गर्मी के साथ चिलचिलाती धूप का कहर लगातार जारी रहा। दोपहर में तो आसमान से आग बरस रही है। सूरज चढ़ते ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसा नजारा रहता है। भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वाटर हीरो की अगुवाई में ग्रामीणों ने उपवन में प्रकृति के बीच भीषण गर्मी से निजात पाने को रामधुन गाकर ईश्वर से विशेष प्रार्थना करते हुए गर्मी से निजात की गुहार लगाई। तहसील क्षेत्र के अधांव गांव स्थित भेला उपवन में प्रकृति के बीच अमरूद और आंवला के पौधे के बीच ग्रामीणों ने वाटर हीरो रामबाबू तिवारी की अगुवाई में रामधुन गाकर कर ताप से बचाव के लिए विशेष प्रार्थना की। वाटर हीरो ने कहा कि ईश्वर (भगवान) हमारे पंच तत्व से है। मुख्य रूप से प्रकृति में ही ईश्वर है जैसे श्भश् से भूमि, श्गश् से गगन, श्वश् से वायु श्अश् से अग्नि श्नश् से नीर इसी में ईश्वर है। ग्रामीणों ने प्रकृति की पूजा कर बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने की प्रार्थना की। कहा कि गांव की खुशहाली व समृद्धि के लिए पौधे और बाग-बगीचे होना जरूरी है। बाग-बगीचों के अंदर तापमान में बहुत अंतर रहता है। मंदिर में राम धुन गाकर ईश्वर से आस्था जुड़ती है, उसी प्रकार गांव के लोग आस्था प्रकृति नामक ईश्वर से भी जुड़े। इस मौके पर संगीत मंडली के रजनीकांत, बलराम दीक्षित, नंदकिशोर, कल्लू, विनीत, राजू तिवारी, राजभइया, कालका, छोट्टन, रामसजीवन समेत तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।


गर्मी से निजात को विशेष प्रार्थना करते ग्रामीण। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### वाहन की टक्कर से मां की मौत, बेटा घायल

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के बंबिया गांव निवासी रुकमणि (55) पत्नी ओम प्रकाश अपने पुत्र कल्लू (24) के साथ बाइक में बैठ कर अपनी बहन के घर बबेरू कोतवाली क्षेत्र के हरदौली गांव रामायण के निमंत्रण में गई थी। मंगलवार की शाम दोनो मां बेटे बाइक से गांव आ रहे थे। तभी तिंदवारी थाना क्षेत्र के सहिंगा गांव के पास पीछे से आ रहे वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान रूकमणि की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### झाड़फूंक के चक्कर में किसान की गई जान

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के बीरी बिरहंड गांव निवासी रामनरेश (64) पुत्र बृजभूषण मंगलवार की शाम मवेशियो को चारा रखने बाड़ा गया था। तभी सर्प ने उसके पैर में डस लिया। कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। घरवालो ने ओझाओं के बुलाकर उसकी झाड़ फूक करवाई लेकिन हालत में सुधार नही हुआ। उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दामाद रामलखन यादव ने बताया कि रामनरेश किसानी करता था। उसके 12 बीघा जमीन है।

### ट्रेन से कटकर बुजुर्ग ने जान दी

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के हस्तम गांव निवासी रामेश्वर (77) पुत्र रामनरेश उर्फ गनेश बुधवार की भोर घर से निकल गया और ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर ली। वहां से गुजर रहे ग्रामीणो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके जेब से मिले दवा के पर्चे से घरवालों को जानकारी दी। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के साले रामदेव ने बताया कि रामेश्वर बीमार रहता था। इसी से परेशान होकर उसने खुदकुशी कर लिया। वह किसानी करता था।

### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी

**बांदा।** देहात कोवताली जारी गांव निवासी रामबाबू (38) वर्मा पुत्र भइयालाल ने बुधवार की सुबह घर के अंदर छत के छल्ले में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि रामबाबू मजदूरी करता था। बड़ी बेटी की जुलाई माह में शादी करना था। उसकी पत्नी एक साल से मायके में रह रही थी। इसी बात को लेकर वह परेशान रहता था।

### ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से चार लोग घायल

**बबेरू।** कोतवाली क्षेत्र के मुरवल गांव निवासी भूपेंद्र (25) पुत्र फूलचंद, राकेश (28) पुत्र रामदीन, विजय (30) पुत्र चुन्ना, उमेश (26) पुत्र श्यामलाल चारो लोग ट्रैक्टर ट्राली में बैठ कर बांदा से गांव जा रहे थे। तभी पल्हरी गांव के आगे सामने से आ रहे ट्रक को साइड देते सयम ट्रैक्टर ट्राली आनियंत्रित होकर खंती मे पलट गई। जिससे चारो लोग घायल हो गए।

### चार लोगों ने जहर खाया

**बांदा।** बदौसा थाना क्षेत्र के तुर्रा गांव निवासी राजकुमार (40) पुत्र बैजनाथ का बुधवार की दोपहर किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर जहर खा लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के कनवारा गांव निवासी बिजिया (45) पत्नी दुर्गा ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। बदौसा कस्बा निवासी सोनम (20) पुत्री राधेश्याम ने मंगलवार की रात जहर खा लिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के परास गांव निवासी विकास (24) पुत्र सदाशिव ने घरेलू कलह से तंग आ कर जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### लू लगने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**कमासिन।** कमासिन दादौ मार्ग पर कस्बे से 1 किलोमीटर दूर एक महाविद्यालय के आगे सड़क किनारे एक व्यक्ति कीलू लगने से मौत हो गई। राहगीरो की सूचना पर पुलिस ने कागजी कार्रवाई करते हुए शव को परीक्षण हेतु बांदा भेज दिया। थाना प्रभारी ऋषि देव सिंह ने बताया है कि मृत व्यक्ति की उम्र करीब 45 वर्ष है। प्रथम दृष्टया वह विक्षिप्त हो रहा है। कमासिन से संभवत पछौहा गांव की तरफ दोपहर को जा रहा था कि शायद लू लगने से मौत हो गई है।

# समस्याओं को लेकर कर्मियों ने की प्रतिज्ञा सभा

कार्यालय संवाददाता, बांदा


प्रतिज्ञा सभा में शपथ लेते न्यायालय कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश एवं अंजुमन हिमायतियान चपरासियान संघ के संयुक्त तत्वाधान में जनपद न्यायालय के कार्मिकों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा कराने के लिए उच्च न्यायालय एवं शासन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा सभा का आयोजन न्यायिक परिसर के मुख्य भवन में किया गया।

दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के प्रांतीय संगठन सचिव अखिलेश प्रकाश ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जनपद न्यायालय के कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को उच्च न्यायालय एवं राज्य सरकार के समक्ष उठाते रहे हैं, लेकिन उनका निराकरण संभव नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं राज्य सरकार के उपेक्षापूर्ण व्यवहार से सभी कर्मचारी आहत हैं। इसी मुद्दे को लेकर प्रतिज्ञा सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कार्मिकों ने सर्वसम्मत से यह प्रस्ताव पारित किया कि जिला इकाई के सभी कर्मचारी प्रांतीय संघ के साथ है तथा 7 जुलाई को उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निकट स्थित हनुमान मंदिर में उपस्थित होकर प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त प्रतिज्ञा सभा की अध्यक्षता मुन्नीलाल वर्मा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी द्वारा की गई। सभा में उत्तर प्रदेश दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के प्रांतीय संगठन सचिव अखिलेश प्रकाश के अलावा जिलाध्यक्ष तुलसीदास, सचिव मोहम्मद रोआब आलम, आशीष कुमार गुप्ता, रोहित कुमार, सुरेश प्रसाद दीक्षित, मनोज जैन, जितेंद्र कुमार, प्रेमबाबू, अजय कुमार वर्मा, विनीत श्रीवास्तव, अंजुमन रहे।

# जल आरती में केन नदी के संरक्षण का लिया संकल्प

**बांदा।** हर मंगलवार की तरह विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को केन जल आरती का कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने लगातार टूट रही नदी की जलधारा पर चिंता जताई और इसके संरक्षण व स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने कहा है कि केन नदी में प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों से दिन रात अवैध खनन किया जा रहा है। माफिया नदी के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगाने पर अमादा हैं। इतना सब होते हुए भी जिला प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं। इसी प्रकार का अवैध खनन चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब मां केन के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगेगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि माफियाओं के खिलाफ कड़े से कड़े कदम उठाए जाएं। मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने बताया कि इस मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, वरिष्ठ नेता शिवपूजन गुप्ता, राजेंद्र कुमार मिश्र, राकेश कुमार त्रिपाठी, महेश कुमार धुरिया, राघवेंद्र द्विवेदी, ब्रजकिशोर द्विवेदी, सागर गोयल, राहुल गुप्ता रहे।

# मतगणना के दिन बंद रहेंगी जिले भर में शराब की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बंद दुकानों की मॉनीटरिंग करेंगे विभागीय अधिकारी


डीएम।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मतगणना के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चार जून को होने वाली मतगणना के लिए शराब की थोक व फुटकर दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी। पूरे दिन शराब की बिक्री और संचालन प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट दुर्गा शक्ति नागपाल ने जारी किए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 135 (ग) के खंड (एक) और संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम की धारा-59 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए चार जून (मतगणना दिवस) पर देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर, एफएल-16ध्17 व भांग की थोक व फुटकर दुकानें बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। बंदी का कोई भी प्रतिफल अनुज्ञापियों को देय नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की मात्रा का न तो संचय करेगा, न ही वितरण करेगा और न ही लेकर चलेगा। उल्लंघन की स्थिति में अनुज्ञापियों व दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1910 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कहा है कि मतगणना के बाद जीत-हार की खुशी और दुख में समर्थक शराब पीते हैं, जिसके चलते मतगणना के बाद झगड़े होते हैं। इसी को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतगणना के दिन दुकान बंद रहेंगी।

धर्म-अध्यात्म

## सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथा सुनकर भक्ति में डूबे श्रद्धालु, श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर भंडारा व विदाई कार्यक्रम आज

# अगर मित्रता करनी है तो प्रभु श्रीकृष्ण और सुदामा से सीखो

संवाददाता, तिंदवारी


भागवत कथा का रसपान करते श्रोता। कथावाचक गोपाल मिश्र (इनसेट)। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हरिहर धाम में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया गया। कथाव्यास ने कहा कि मित्रता करनी है तो कृष्ण और सुदामा से सीखो। श्रद्धालु पूरी तरह से भक्ति भाव में डूबे रहे। आश्रम के महंत ने बताया कि गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा समापन पर भंडारा व विदाई कार्यक्रम आयोजित होगा।

ब्लाक के छापर व जौहरपुर गांवों के बीच स्थित हरिहर धाम में श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास आचार्य गोपाल मिश्र ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का बखान किया। कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता स्वार्थ से परे थी। दोनों ने समाज के लिए मित्रता की मिसाल पेश की। सुदामा भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते।

पत्नी सुशीला उनसे बाल सखा भगवान श्रीकृष्ण से मदद मांगने को कहती है। इस पर वह द्वारिका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते हैं। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंहासन पर बैठाकर श्रीकृष्ण बालसखा सुदामा के चरण धोते हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते हैं। आश्रम के महंत नागा हरिहर भारती महाराज ने बताया कि गुरुवार को कथा समापन पर यज्ञ भंडारा व विदाई कार्यक्रम होगा। सभी भक्तजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस अवसर परसत्यानंद भारती, श्रीचंद्र भारती, कैलाश भारती, मौनी बाबा, खुशीराम पार्षद (दिल्ली), किसान संघ अध्यक्ष अरुण पटेल, सिंघौली प्रधान अरूण शुक्ला, छापर प्रधान जौहरिया प्रजापति, महानारायन शुक्ला, मलखान सिंह, सुखवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### ब्रह्मज्ञान से ही संभव है गोविन्द का प्रत्यक्ष दर्शन

**बबेरू।** कस्बे के माँ मढी दाई मंदिर मे श्री हरि कथा के द्वितीय दिवस मे दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संस्थापक व संचालक महराज आशुतोष के शिष्य कथा व्यास स्वामी हरि प्रकाशानन्द ने भक्ति तत्व पर सारगर्भित व्याख्यान मे बताया कि परमात्मा की शक्ति एक सुन्दर व्यवस्था है। समस्त सुखों की खान है जो पूर्ण गुरु की शरणागति के पश्चात ही एक जिज्ञासु को प्राप्त हो पाती है। राम चरित मानस मे भी कहा गया है भक्ति सुतंत्र सकल सुख खानी,बिनु सत्सग न पावहिं प्राणी। भगति तात अनुपम सुख मूला,मिलहि जो संत होई अनुकूला। ईश्वर का दर्शन पाने की तडप रखने वाले जिज्ञासु को चाहिये कि वह ग्रन्थ सम्मत सतगुरु की खोज करे और अपने आराध्य से सदैव प्रार्थना करे कि ऐसे पूर्ण गुरु से मिला दे। जो गोविन्द का प्रत्यक्ष दर्शन ब्रह्मज्ञान की दीक्षा के समय ही दिव्य नेत्र खोल कर करा देते है। मुख्य रूप से मंच संचालन सेवा स्वामी दिव्येश्वरानन्द जी ,जमुना प्रसाद ,रामस्वयम्बर पांडेय रामहित पटेल, प्रेम नाराय,सोमेंश, सूर्य प्रकाश, दुर्गा दयाल गुप्ता, राजेंद्र मिश्र, प्रकाश नारायण चौबे सहित लोग मौजूद रहे।

# बस्ती की जमीन को अपनी बता तार से घेरा, बाशिंदों में हड़कंप

## पुलिस व प्रशासन ने हटवाया तार से की गई घेराबंदी, हैंडपंप भी मुक्त कराया गया

कार्यालय संवाददाता, महोबा


मौके पर राजस्व विभाग और पुलिस के साथ मौजूद एसडीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा चरखारी के मोहल्ला गुमानपुरा की एक बस्ती की भूमि को दबंगों ने अपनी जागीर बताते हुए चारो तरफ तार लगाकर बस्ती को घेर दिया, जिससे बस्ती वालों के बीच हड़कंप मच गया। चार पीढ़ियों से इस बस्ती में रहते आए लोगों ने उपजिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपा। शिकायती पत्र मिलने पर मौके पर पुलिस के साथ पहुंचे अधिकारियों ने तार हटवाया। साथ ही हैंडपंप पर दबंग द्वारा किए गए कब्जे को भी हटावाया। अधिकारियो के पहुंचने के बाद बस्तीवासियों ने राहत की सांस ली।

नगर पालिका परिषद के वार्ड जयंतनगर का मोहल्ला गुमानपुरा सुर्खियों में आ गया है। जहां पर बिजली, पानी, चिकित्सा और शिक्षा का अभाव है। यहां के बाशिंदों को बस्ती से लगे खेत के मालिक ने पूरी बस्ती को अपनी जागीर बताते हुए घरों के चारो तरफ ताड़बाड़ी लगाकर उन्हें कैद कर दिया, जिससे बस्ती के लोगों में हड़कम्प मच गया। इस बस्ती में करीब एक सैकड़ा लोग निवास करते है। यहां की दयनीय स्थिति को मीडिया ने जोरदारी से मूलभूत समस्याओं को उजागर किया था। तब प्रशासन ने नगर पालिका द्वारा 250 मीटर की सीसी रोड बनवा दी और एक दर्जन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजा के तहत घर निर्माण के लिए पैसा आवंटित कर दिया, जिससे यहां पर कच्चे व पक्के मकानों का निर्माण भी हुआ। साथ ही तीन हैंडपंप भी लगवाए गए थे। यहां पर लगभग 80 मतदाता हैं, जो नगर पालिका के चुनाव में मतदान भी करते हैं। इसके बावजूद यहां के बाशिंदों को बिजली, पानी, चिकित्सा और हर घर जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ताड़बाड़ी में कैद किए गए बस्ती के लोगों में से कुछ लोग किसी तरह निकलकर अधिकारियों की चौखट पर पहुंचे और घटना से अवगत कराया, जिस पर उपजिलाधिकारी चरखारी राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां पर दबंगों द्वारा लगाई गइ ताड़बाड़ी को तत्काल हटाया गया साथ ही हैंडपंप पर किए गए अवैध कब्जे को भी हटवा दिया गया। बस्ती वालों ने बताया कि ग्राम सबुआ के दबंगों ने इसे अपनी जागीर बताते हुए बस्ती के चारो तरफ ताड़बाड़ी लगवा दी। कुछ मोहल्ले वासियो के साथ सभासद अतुल द्विवेदी ने अधिकारियों को मोहल्ले वास्तिविक स्थिति से अवगत कराया।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस आज

**महोबा।** जिला प्रेस क्लब एवं संयुक्त मीडिया क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 30 मई को शहर के एक गेस्टहाउस में हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित अधिवेशन, विचार मंथन अलंकरण, गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

यहां पर मीडिया की भूमिका और विशम परिस्थितियों में पत्रकारिता करना कितना मुश्किल भरा कार्य है इस पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम की जिला प्रेस क्लक द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सुबह ग्यारह बजे से कार्यक्रम शुरू होगा।

## सर्पदंश से हुई मौत

**महोबा।** थाना अजनर के ग्राम सगुनियामाफ में घर में कंडे रखते समय रामू राजपूत की 18 वर्षीय पुत्री दीक्षा सांप ने उसे काट लिया। युवती के खून निकलने पर वह चीखने चिल्लाने लगी, तभी ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जमा हो गई और उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां पर डाक्टर ने उसका परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# लक्ष्य में कबरई पीछे, डीएम खफा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में कबरई ब्लाक में लक्ष्य के सापेक्ष खराब स्थिति पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई तथा लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देशित किया।

- **जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा की गई**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीबी मरीजों से हर रोज बात करके समय पर इलाज मुहैया कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी के मरीजों से फ़ोन के माध्यम से वार्ता कर समीक्षा की जाए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत दो बच्चों तक लाभ दिया जाता है तथा इस योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए तथा चरखारी की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा सभी सीएचओ एक ग्रुप बनाकर आशाए एएनएम से जूम मीटिंग के माध्यम से फीडबैक लिया जाये।

उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाएं तथा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीकाकरण से छूटे बच्चों की लिस्ट बनाकर उनका टीकाकरण किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को मातृ वंदना योजना के तहत लाभ दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आसाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की हुई भिड़ंत में एक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- **घायलों की हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने मेडिकल कालेज झांसी रेफर किया**

**अमृत विचार।** चरखारी सूपा रोड पर दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई, जिससे बाइक सवार एक दस वर्षीय बालक सहित जाने चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में भर्ती कराया। जहां एक बाइक चालक की मौत हो गई। बच्चे सहित तीन लोगों की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी।


धर्मपाल।

बताया जाता है कि मंगवार की शाम करीब नौ बजे धर्मपाल (46) पुत्र नृपत सिंह निवासी ग्राम सिरमौर थाना कुलपहाड़ बाइक द्वारा किसी कार्य से चरखारी आया था और वापस अपने गांव जा रहा था। तभी चरखारी सूपा मार्ग पर सामने से आ रही एक अन्य बाइक सवार गोविंद कुशवाहा उसका पिता नवल कुशवाहा व भतीजा यश (10) निवासी पठवापुरा चरखारी की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई, जिससे तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गए। दुर्घटना देख सड़क से गुजर रहे लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना देकर बुलाया और सभी घायलों को सीएचसी चरखारी में भर्ती कराया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते ही डाक्टरों ने घायलों का परीक्षण शुरू किया और धर्मपाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि यश, नवल और गोविंद की हालत नाजुक होने पर उन्हें मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक की शिनाख्त करते हुए उनके परिजनों को सूचना दी।

## अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 2 को

**महोबा।** राजकीय औद्योगित प्रशिक्षण संस्थान में 2 जून को अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई उत्तीर्ण शिक्षित युवाओं को एक वर्षीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत जिले में शिक्षुता मेले का आयोजन किया जा रहा है।

आईटीआई के प्रधानाचार्य ने बताया कि शासन के निर्देश पर शिक्षुता प्रशिक्षण के अंतर्गत जिले के अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश में व्यापक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के आधीन राजकीय औद्योगित प्रशिक्षण संस्थान सरीला, महोबा में अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। जहां पर फोटो एवं समस्य शैक्षिक हाईस्कूल, तकनीकी योग्यता के प्रमाण एवं पंजीयनपत्र सहित सुबह दस बजे उपस्थित हो।

# किसान नेताओं ने ग्राम भ्रमण कर सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन हलधर के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में विकासखंड कबरई के ग्रामों का भ्रमण कर किसानों की समस्याओं को सुना। उनका निस्तारण करने पर चर्चा भी की। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए किसानों को यूनियन से जुड़ने का आहवान भी किया गया, जिससे होने वाली आगामी महापंचायत को सफल बनाया जा सके।


भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते किसान नेता। अमृत विचार

भ्रमण दौरान भारतीय हलधर किसान यूनियन के पदाधिकारी कस्बा कबरई पहुंचे जहां पर किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष राम खिलावन शुक्ला के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया । इस मौके पर स्थानीय किसानों ने बताया कि फसल बीमा कराने के

- **बैठक कर समस्याओं के समाधान पर की गई चर्चा**

बाद भी आज तक बीमा की धनराशि खातों में नहीं आई और न ही सरकार की तमाम योजनाओं को किसानों को समुचित लाभ नहीं मिल रहा है। यूनियन द्वारा किसानों की तमाम समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके बाद यूनियन के पदाधिकारी ग्राम मकरबई में यादवों के खोडा में जाकर चल रही भागवत कथा का रसपान किया और वहां के प्रधान एवं किसानों से मुलाकात कर संगठन से जुड़कर उसे और अधिक मजबूत बनाने की अपीन की गई। युनियन के अन्य गांवों का भ्रमण कर किसानों की समस्याओं को एकजुट होकर निस्तारण किए जाने का आहवान किया। इस मौके पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र तिवारी, तहसील अध्यक्ष महोबा राकेश यादव, तहसील उपाध्यक्ष मोनू सिंह परिहार, तहसील प्रमुख महासचिव शिशुपाल सिंह परिहार, संगठन सदस्य राजेन्द्र सिंह परिहार सहित दाताराम आदि रहे।

# गर्मी और लू से आधा दर्जन लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- **अधिकतम तापमान 46.7 व न्यूनतम 35 डिग्री से. रहा**

**अमृत विचार।** जिले में बुधवार को गर्मी व लू की चपेट में आने से आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई। जनपद का अधिकतम तापमान 46.7 व न्यूनतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहा।

गर्मी व लू के चपेट में कुसुम रानी (50) पत्नी मोहनलाल गुढ़ा चरखारी महोबा, विद्या रानी (70) पत्नी हुकुम सिंह महोबा, भगवान दास (60) पुत्र नंदन बेलाताल महोबा, राम सखी (35) पुत्र शिव विशाल ग्राम बीलवाई महोबा, राधेश्याम (6) पुत्र जसवंत ग्राम उर्वरा श्रीनगर महोबा, देशराज (40) पुत्र कामता प्रसाद सुभाष नगर महोबा को अस्पताल पहुंचाया गया। इन सभी की मौत हो गई।

पिछले एक सप्ताह से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। तेज धूप के चलते उल्टी दस्त, सर दर्द बुखार के मरीजों की अस्पताल में भीड़ जुट रही है। एक दिन में 1200 से 1500 मैरिज जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। हर मोहल्ले और गांव में उल्टी दस्त सर दर्द और बुखार से पीड़ित मरीज हैं। सुबह 9 बजे से तेज धूप और लू अपना असर दिखने लगती है।

# जिला अस्पताल व सीएचसी का फायर ऑडिट

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी ने जिला अस्पताल, महिला जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीनगर का फायर ऑडिट किया गया। इस दौरान अस्पतालों में लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक करके जायजा लिया गया, साथ ही अस्पताल के कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र प्रयोग करने का प्रशिक्षण भी दिया गया।


कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र का प्रशिक्षण देता दमकल विभाग। अमृत विचार

भीषण गर्मी को देखते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश पर जिला अग्निशमन विभाग की टीम एक के बाद एक कार्यालयों, अस्पतालों में निरीक्षण कर अग्निशमन यंत्रों का जायजा लेने में जुटी हुई है, जिससे गर्मी के मौसम में होने वाली आग की घटनाओं पर तत्काल प्रभाव से अग्निशमन यंत्रों के जरिए आग पर काबू पाया जा सके और आग की घटनाओं से बचाव किया जा सके। जिला अग्निशमन अधिकारी ने टीम के साथ जिला अस्पताल, महिला जिला अस्पताल महोबा सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर

- **स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र चलाने का दिया गया प्रशिक्षण**

वहां पर लगे अग्निशमन यंत्रों को चेक किया। फायर आडिट दौरान सभी अग्निशमन यंत्र चालू हालत में पाए गए।

दमकल विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने तेज धूप के बाद भी एक के बाद एक अस्पताल में पहुंचने के बाद फायर आडिट करने के साथ साथ वहां के कर्मचारियों को भी अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया, जिससे जरुरत पड़ने पर अग्निशमन यंत्र का इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने अग्निशमन व्यवस्था से संबन्धित उपकरणों को स्थापित करने के लिए दिशा निर्देश भी दिए।

# बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े की लूटपाट

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

- **आढ़त में रखा एक लाख रुपये से भरा बैग लूटकर फरार**

**अमृत विचार।** कस्बे की गल्ला मंडी में दिनदहाड़े दो बाइक सवार बदमाशों ने एक गल्ला व्यापारी की आढ़त में रखा एक लाख रूपये से भरा बैग उठाकर भाग गए। व्यापारियों व अन्य लोगों ने बाइक सवार बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वह रफूचक्कर हो गए । पीड़ित व्यापारी ने पुलिस चौकी बेलाताल में अपने साथ घटी घटना की तहरीर दी है। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

कस्बा जैतपुर के मोहल्ला नरईयापुरा निवासी बालकिशन राठौर पुत्र परमानंद राठौर प्रतिदिन की तरह आज भी गल्ला मंडी में गेहूं मटर की खरीद कर रहा था। आढ़त में एक लाख रुपये से भरा बैग रखा था। पहले से ही घात लगाए बैठे बदमाश बैग पर नजर गड़ाए थे। जैसे ही एक किसान मटर लेकर आया और आढ़ती बालकिशन राठौर उसकी मटर देखने के लिए अपनी गद्दी से उठा। उसी समय बाइक सवार बदमाशों ने उसका बैग लेकर भाग गए। व्यापारी के शोर मचाने पर आसपास के व्यापारी आ गए और बदमाशों का पीछा किया लेकिन उन्हें कोई नहीं पकड़ सका।

**निरीक्षण** उपकारागार में बीमार बंदियों को दवा उपलब्ध कराने का एडीजे ने दिया निर्देश

# महिला कैदियों के बच्चों के लिए करें दूध की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जेपी यादव के आदेश पर प्राधिकरण सचिव एडीजे तेन्द्रपाल द्वारा जिला उपकारागार महोबा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला उपकारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने तथा महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया गया।


उपकारागार का निरीक्षण करते प्राधिकरण सचिव एडीजे तेन्द्रपाल। अमृत विचार

निरीक्षण के दौरान सचिव ने बैरिकों में उपस्थित विचाराधीन एवं सिद्धदोष बंदियों की समस्याओं को सुना गया एवं उन्हें यथाशीघ्र निस्तारित करने का आश्वासन दिया। सभी बैरकों, पाकशाला एवं उपकारागार परिसर की साफ-सफाई दुरस्त पाई गई एवं व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए जेलर को निर्देशित किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि यदि किसी बंदी को किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता है तो वह जेलर के माध्यम से प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेज सकता है। बताया कि कोई गरीब बंदी है जो अधिवक्ता करने में सक्षम नहीं है उस बंदी को अधिवक्ता उपलब्ध कराया जायेगा। सचिव ने बताया कि ऐसे निरूद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) दं0प्र0सं0 से आच्छादित हैं तथा आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके है, उससे संबंधित बंदियों के मामलों की सूची जेलर द्वारा प्रस्तुत की गयी है। उन्होंने निर्देशित किया गया कि जो भी बंदी उक्त निर्देश के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके नियमानुसार रिहाई की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पात्र बंदियों के विधिक सहायता प्रदान किये जाने के लिए सदैव तत्पर हैं।

निरीक्षण के दौरान लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम, महोबा के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी रामनरेश नरेश यादव, व असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा जेलर शिवमूरत सिंह आदि मौजूद रहे।

## स्टॉप सेंटर का भी किया निरीक्षण

**महोबा।** उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान कार्यालय के रजिस्टरों का अवलोकन कर सभी प्रविष्टियों को समय सीमा व सुचारू रुप से दर्ज किए जाने साथ साथ कार्यालय में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टाप सेंटर में आने वाली महिलाओं को हर संभव सहायता दिए जाने की भी बात कही। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशां पर जनपद न्यायाधीश जेपी यादव के आदेश पर प्राधिकरण सचिव व अपर जिला जज तेन्द्र पाल द्वारा वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेन्टर के सभी कमरों की साफ सफाई किये जाने पर जोर दिया। सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी प्रार्थना पत्र आपके कार्यालय में प्राप्त हो उसका समय पर निस्तारण किया जाये। यदि किसी महिला को विधिक सहायता कि आवश्यकता है तो उससे एक प्रार्थना पत्र लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में देना होगा, जिससे प्रार्थना पत्र के आधार पर समय से कार्रवाई करते हुए सहायता प्रदान की जाये। कहा कि कोई भी प्रार्थी न्याय से वंचित न रह सके इसको लेकर प्रबंधक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी रामनरेश नरेश यादव, असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा एवं योगेन्द्र सिंह व केन्द्र प्रबंधक उपस्थित रहे।

# कैंसर को लेकर जनजागरण का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कैंसर जैसी घातक बीमारी के प्रति महिलाओं में जागरुकता लाने के लिए ब्रह्माकुमारी सदभावना भवन में कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एम्स भोपाल के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. शशांक बंसल मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कैंसर के प्रति जागरूक करते हुए सावधानियां बरते की सलाह दी। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र प्रभारी बीके सुधा सहित तमाम केंद्र के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को बैज लगाकर स्वागत किया।


कार्यक्रम मे बोलते मुख्य अतिथि डॉ. शशांक। अमृत विचार

मुख्य अतिथि ने कहा कि कैंसर के प्रति जागरूक करने के कई तरीके हैं जिससे कैंसर की रोकथाम, जांच और उपचार के बारे में शिक्षा और जानकारी फैलाना आदि हैं। यह सोशल मीडिया, सार्वजनिक भाषण कार्यक्रमों या सूचनात्मक कार्यक्रमों की मेजबानी के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के हिस्से के रुप में हमारा लक्ष्य कैंसर से संबन्धित चुनौतियों का सामना करने वाली महिलाओं का शीघ्र पता लगाने व कैंसर की रोकथाम और सहायता के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ये कभी नहीं सोचना चाहिए कि दूसरा व्यक्ति बीमार है, उसकी बीमारी से हमे कुछ नहीं होगा, लेकिन हमे सावधानी बरतने की भी आवश्यकता है।

- **ब्रह्माकुमारी सद्भावना भवन में कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का समापन**

ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र प्रभारी ने सामजिक विचार को प्रकट करते हुए कहा कि सभी मनुष्य एक हैं, चाहे वो अमीर हो या गरीब या फिर किसी भी धर्म, जाति का क्यों न हो, सभी इंसान एक ही स्रोत से आते हैं। हर व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में समान अवसर मिलना चाहिए। हमे एक दूसरे की मदद करनी चाहिए, क्योंकि हम लोग एक दूसरे के पूरक है। कार्यक्रम में बहन बीके जयदेवी और बीके सुदामा ने मुख्य अतिथि को बैज व तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर बीके बबिता, रिचा, प्रतीक्षा, मुकेश मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# जिले में लू की चपेट में आने से तीन की मौत

## भीषण गर्मी, उमस और लू के थपेड़ों से लोग बेहाल, अस्पतालों में बढ़े मरीज, पहाड़ीगढ़ी में बुखार से पीड़ित बच्ची ने दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


जय किशोर।

● टेढ़ा गांव के पास पेट्रोल पंप मैनेजर हुआ बेहोश

**अमृत विचार।** जिले में भीषण गर्मी,उमस और लू के थपेड़ों से लोग बेहाल हैं। बुधवार को यहां तीन लोगों की लू की चपेट में आने से मौत हो गई। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। डॉक्टरों ने लोगों को गर्मी और लू से बचाव के लिए उपाय अपनाने की सलाह दी है।

जानकारी के अनुसार, जरिया थाने के पवई गांव निवासी रामदास (78) उमरिया गांव में ब्याही बेटी सियारानी की ससुराल में रहते थे। सियारानी ने बताया कि मंगलवार दोपहर उनके पिता को लू लग गई। इस पर देर शाम तेज बुखार आया तो सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। उरई ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई।

उधर कोतवाली के पहाड़ीगड़ी गांव के रामस्वरूप ने बताया कि उनकी सात माह की बेटी अमृता को बुखार आने पर सीएचसी ले गए। तो चिकित्सक ने उसे देखने के बाद दवा दे दी। तब वह बेटी को लेकर घर आ गए। लेकिन बुखार न उतरने पर दोबारा सीएचसी ले गए। यहां डॉक्टर दयाशंकर वर्मा ने बेटी को मृत घोषित कर दिया।

कुरारा थानाक्षेत्र के झलोखर गांव निवासी रामशंकर यादव (52) पुत्र जागेश्वर बकरियां लेकर खेत में चराने गया था। दिन में खेत में रहने से वह लू की चपेट मे आ गया। मृतक के पुत्र दयाशंकर ने बताया कि इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए थे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक खेती किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। इसके दो पुत्र व एक पुत्री हैं। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भरुआ सुमेरपुर प्रतिनिधि के अनुसार, क्षेत्र के बिलहड़ी गांव निवासी ट्रक चालक जयकिशोर प्रजापति (52) मंगलवार को गिट्टी लादने ट्रक लेकर कबरई गया था। लू की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी कमला (50) के अलावा आठ बेटियों व एक बेटे को रोता बिलखता छोड़ गया है। पांच बेटियों का विवाह हो चुका है। मृतक का गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं बुधवार को बांदा मार्ग में टेढ़ा गांव के समीप संचालित पेट्रोल पंप का मैनेजर टोलामाफ निवासी रमेश सिंह लू की चपेट में आकर पंप में ही बेहोश हो गया और उसकी हालत बिगड़ गई। पंप कर्मी उसे निजी वाहन से कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, जहां उपचार के बाद मैनेजर की हालत में सुधार है।


धूप से बचाव के लिए छाता लगाकर गुजरती महिलाएं। अमृत विचार


मरीजों को देखते चिकित्सक। अमृत विचार

## लू के थपेड़ों और उमस से जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● ओपीडी में उल्टी, दस्त, बुखार के मरीजों का तांता

**अमृत विचार।** गर्मी का सितम जारी है। बुधवार को दोपहर बाद लोगों को बादलों के आने से हल्की राहत मिली। वहीं गर्म हवाओं के बीच शहर में हल्की बारिश होने से उमस भी बढ़ गई। शहर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 32 डिग्री के आसपास रहा।

भीषण गर्मी से आम जनजीवन अस्त व्यस्त है। अस्पताल सुबह से ही मरीजों से भर रहे हैं। उल्टी, दस्त, बुखार के मरीजों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। ओपीडी में सैकड़ों लोग इलाज कराने पहुंच रहे हैं। पारा 46 डिग्री पहुंचने के बाद जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोग लू से बचाव के लिए घरों में कैद हो रहे हैं। दोपहर बाद भीषण लू के बीच बादलों के आने से हल्की राहत मिली। वहीं शाम करीब पांच बजे गर्म हवाओं के साथ हल्की बारिश होने से उमस बढ़ गई। बुधवार को सुबह 11 बजे अस्पतालों में मरीजों का तांता लग गया। इनमें मरीजों में महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक रही। सुमेरपुर पीएचसी में ओपीडी में मौजूद चिकित्सक डॉ.शशांक, डॉ.परवेज कादरी, डॉ.शमा परवीन ने बताया कि गर्मी के प्रकोप से उल्टी, दस्त, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। ओपीडी में मरीजों की संख्या 200 से ज्यादा पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि उपचार के साथ मरीजों को लू एवं गर्मी से बचाव के तरीकों से भी अवगत कराया जा रहा है।

# जल संस्थान के गड्ढे में फंसा ट्रक, लगा जाम

संवाददाता, सुमेरपुर

● चित्रकूट एक्सप्रेस के गुजरने के बाद हुई घटना

**अमृत विचार।** बुधवार को सुबह 5 बजे जबलपुर लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस के गुजरने के बाद बांदा मार्ग के रेलवे क्रॉसिंग पर बने गेट संख्या 31 के समीप जल संस्थान की पाइपलाइन के लीकेज के गड्ढे में बालू लदा ट्रक फंस जाने से क्रॉसिंग में भीषण जाम लग गया। गनीमत यह रही कि उस समय कोई ट्रेन नहीं गुजरी। बाद में ट्रक को दूसरे ट्रक की सहायता से खींचकर गड्ढे से बाहर किया गया।

कस्बे के बांदा मार्ग के रेलवे क्रॉसिंग के गेट संख्या 31 के समीप एक पखवाड़े से जल संस्थान की पाइपलाइन में लीकेज होने से सड़क के बीचोंबीच भारी भरकम गड्ढा हो गया है। इस गड्ढे में आयेदिन भारी वाहन फंस रहे हैं। बुधवार को तड़के 5 बजे जबलपुर लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस गुजरने के बाद रेलवे फाटक खुलने पर बालू लदा एक ट्रक गड्ढे में फंसकर खराब हो गया। इससे क्रासिंग में लंबा जाम लग गया। बाद में एक ट्रक के माध्यम से खराब ट्रक को गड्ढे से निकालकर बाहर करके यातायात सामान्य कराया गया। रेलवे के रेल पथ निरीक्षक आरपी कुशवाहा ने बताया कि वह जल संस्थान को लीकेज ठीक करने के लिए पत्राचार कर चुके हैं लेकिन उन्होंने समस्या का समाधान नहीं किया है।

## सार-संक्षेप


जिला कारागार का निरीक्षण कर निकलते अधिकारी। अमृत विचार

### जिला कारागार का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**हमीरपुर।** जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, रसोईघर, सुरक्षा उपकरणों आदि को चेक किया गया। बंदियों से वार्ता कर आवश्यक सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली गई। निरीक्षण में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं मिली। अधिकारियों ने संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### ट्रक की टक्कर से युवक घायल

**सुमेरपुर।** बांदा जनपद के जसपुरा थाना क्षेत्र के गडरिया गांव निवासी युवक को पंधरी गांव के समीप अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। विद्युत पोल को तोड़ता हुआ मौके से फरार हो गया। बांदा जनपद के गडरिया निवासी कुंजबिहारी निषाद (24) किसी कार्य से कस्बे में आया था। करीब दो बजे वापस लौटते पंधरी गांव के समीप एक दुकान में सामान ले रहा था। तभी सिसोलर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी और विद्युत पोल तोड़ता हुआ मौके से फरार हो गया। युवक को गंभीर हालत में राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद हालत में सुधार है।

### पानी की किल्लत पर की शिकायत

**कुरारा।** चकोठी गांव के ग्रामीणों ने जल संस्थान से पेयजल आपूर्ति न मिलने की शिकायत की है। गांव निवासी हरिचरण, प्रेम सिंह, उमाशंकर, आशा, शिवदेवी, केशर आदि ने जल संस्थान को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि एकल नलकूप योजना से पेयजल आपूर्ति होती है। लेकिन कुशवाहा मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। जिससे गर्मी के मौसम में पेयजल न मिल पाने की शिकायत जब नलकूप चालक से की गई तो उसने बताया कि दो घंटे नलकूप चलाने का आदेश मिला है। अधिकारियों से आदेश लाओ तो पानी मिल जाएगा। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

### पत्नी से झगड़कर युवक फंदे पर झूला, गंभीर

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** वार्ड संख्या 16 निवासी एक युवक पत्नी से झगड़कर फंदा पर झूल गया। परिजनों ने उसे फंदा से उतारकर तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। यहां से उसे कानपुर रेफर किया गया है। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। वार्ड संख्या 16 निवासी जयकरन प्रजापति के पुत्र सुनील उर्फ बंगाली (24) ने किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद कर लिया और उसके बाद कमरे में जाकर फंदा लगा लिया। परिजन उसे फंदे से उतार कर तत्काल सदर अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर किया गया है। युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने ऐसी किसी घटना से इनकार किया है।

### किशोरी को बुरी नीयत से दबोचा

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के एक गांव में दुकान से सामान लेकर घर जा रही किशोरी को युवक ने रास्ते में रोककर घर के अंदर खींचने का प्रयास किया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। एक गांव निवासी पिता ने बताया कि उसकी 17 वर्षी पुत्री दुकान से सामान लेकर घर लौट रही थी। तभी रास्ते में गांव निवासी साहब सिंह ने हाथ पकड़कर घर के अंदर खींचने का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### परीक्षा देने आए छात्र पर जानलेवा हमला

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के ब्रह्मानंद महाविद्यालय में परीक्षा देने आए एक छात्र को कुछ युवकों ने पकड़ कर जमकर मारापीटा। घायल छात्र को सीएचसी ले जाया गया। छात्र ने कोतवाली में युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी सुधांशु नगाइच पुत्र रविंद्र कुमार ब्रह्मानंद महाविद्यालय में परीक्षा देने आया था। परीक्षा के बाद सुधांशु का सौरभ, अंकित व अन्य चार लोगों से कहासुनी हो गई। इस पर चारों युवकों ने सुधांशु को जमकर मारापीटा। घायल होने पर छात्र को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।


रासलीला में भगवान हनुमान का अभिनय करता कलाकार। अमृत विचार

## विष्णु महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने की यज्ञवेदी की परिक्रमा

**पौथिया (हमीरपुर)।** गांव स्थित बाबा ध्यानीदास आश्रम में विष्णु महायज्ञ में यज्ञाचार्य ने आहुति दी। लोगों ने यज्ञ वेदी की परिक्रमा की। वहीं रात में चल रही रासलीला में बालाजी सहित विभिन्न प्रकार की झांकियां प्रस्तुतकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। वहीं भागवताचार्य अलका द्विवेदी ने कहा कि सती के सतीत्व के कारण सूरज की गति रुक जाती है। कलयुग में ईश्वर को पाने के लिए संकीर्तन ही उपाय है। राम लीला व रासलीला के माध्यम से जहां भगवान की भक्ति भावना प्रबल होती है। वहीं लोगों के चरित्र के निर्माण में सहायक होती है इस मौके श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से कथा का श्रवण किया।

# बिजली कटौती बनी ग्रामीणों के लिए सिरदर्द

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पटरी से उतर गई है। हालत यह है कि 24 में बमुश्किल 16 घंटे ही बिजली आ रही है। वहीं इन 16 घंटों में भी कई बार ट्रिपिंग होती है। आने जाने का सिलसिला जारी रहता है। जिससे लोगों का गर्मी से बुरा हाल है।

पौथिया पावर स्टेशन से पौथिया, शिकरी, उजनेड़ी, सहुरापुर, ललपुरा, कुम्हऊपुर, स्वसा बुजुर्ग, स्वासा खुर्द सहित अन्य गांवों को बिजली सप्लाई जाती है। दिन रात की विद्युत कटौती ग्रामीणों को रास नहीं आ रहा है। बुधवार को तेज़ हवाएं चलती रहीं और तापमान 47 डिग्री सेल्सियस रहने से लोग गर्मी से बेहाल दिखे। गर्मी बढ़ने के साथ साथ आसमान से उगल रही आग ने लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उमस भरी गर्मी में सिरदर्द, चिड़चिड़ापन के लोग शिकार हो रहे हैं। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पौथिया और कलौलीजार के अलावा प्राइवेट अस्पतालों में सबसे ज्यादा गर्मी, उल्टी दस्त के सबसे ज्यादा मरीज देखने को मिल रहें हैं। स्वासा के कुलदीप सिंह, शिवकुमार सिंह, रामपत, संजय, गोपी, स्वयंम प्रकाश, अरविंद एडवोकेट, रामपाल सिंह व ललपुरा के बीर बहादुर, धर्मेंद्र, संजीव कुमार,गोरे , अंकित आदि लोगों ने बताया कि कभी कभी पूरी रात बिजली गुल रहती है। बोटिंग के बाद से बिजली कटौती का रवैया जबरदस्त चल रहा है। जिला प्रशासन बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं ला पा रहा है। उधर बिजली कटौती के बारे में जेई आशुतोष सिंह से सम्पर्क किया तो उनका फोन नहीं उठा।

### बार-बार ट्रिपिंग से उपभोक्ता नहीं ले पा रहे पूरी नींद, बढ़ रहा चिड़चिड़ापन

**कुरारा (हमीरपुर)।** भीषण गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था पटरी से नीचे उतर चुकी है। कस्बे में शाम ढलते ही आंख मिचौली शुरू हो जाती है। जिससे उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी के साथ मच्छरों से जूझना पड़ रहा है। वहीं अधी रात के बाद विद्युत आपूर्ति सही से मिल पा रही है। नौतपा लगते ही कस्बे में विद्युत व्यवस्था चरमराने लगी है। शाम ढलते ही विद्युत की आंख मिचौली का खेल रात 12 बजे तक चलता रहता है। बिजली की आवाजाही से लोगों की नींद हराम हो रही है। वार्ड नंबर 9 निवासी बलवान सिंह और रामकिशन आदि ने बताया कि शाम ढलते ही बिजली की आंख मिचौली बेहद कष्टदाई है। इस भीषण गर्मी में कूलर, पंखे शोपीस बन जाने से रातों की नींद हराम हो रही है। सबसे ज्यादा गर्मी का असर बच्चों पर पड़ रहा है। शाम ढलते आठ से 12 बजे तक विद्युत का ट्रिप करना रोजाना का नियम जैसा बन गया है। इस बावत में विद्युत विभाग के अवर अभियंता अभिषेक साहू से बात की तो उन्होंने बताया कि गर्मी के चलते उपकरणों में खराबी आने पर शटडाउन लेकर ठीक कराया जाता है।

### बिजली आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं का हंगामा, आश्वासन पर हुए शांत

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के मोहल्ला मराठीपुरा स्थित वार्ड नंबर 23 में पिछले बीस घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से उपभोक्ताओं ने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि बाद में एसडीएम के आश्वासन पर लोग शांत हुए। बताते चलें कि कस्बे के वार्ड नंबर 23 में सोमवार की रात लगभग एक बजे से बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। जो दूसरे दिन मंगलवार को देर रात तक बहाल नहीं हो सकी। लगभग बीस घंटे बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी थी। इससे आक्रोशित दर्जनों उपभोक्ता एसडीओ के आवास पहुंचे। जहां एसडीओ और जेई नहीं मिले। उपभोक्ता नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद श्रीनाथ की अगुवाई में एसडीएम आवास पर पहुंचे। एसडीएम राजेश चंद्रा ने इनकी समस्या सुनी। इस बीच सीओ भी मौके पर आ गए और शीघ्र ही बिजली आपूर्ति बहाल कराने का भरोसा लोगों को दिया। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ है।

## ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे की शिकायत

**कुरारा।** थानाक्षेत्र के खरौंज ग्राम प्रधान ने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने वाले के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। प्रधान छेदा लाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बबलू, छुन्ना, अंतुम आदि ग्राम समाज की भूमि पर निर्माण कर रहे हैं। यह रात में निर्माण कार्य करते हैं। मना करने पर भी नहीं मान रहे हैं। बांदा जनपद के जसपुरा थाना क्षेत्र के गडरिया गांव निवासी युवक को पंधरी गांव के समीप अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी और विद्युत पोल को तोड़ता हुआ मौके से फरार हो गया।

## घरेलू कलह से परेशान किशोरी ने लगाई फांसी

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के छिमौली मार्ग स्थित काशीराम कॉलोनी में रह रहे एक परिवार की किशोरी ने मामूली कलह के बाद कपड़े का फंदा गले में डाल आत्महत्या कर ली। इस घटना को लेकर पड़ोसियों में कई तरह की चर्चा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

छिमौली मार्ग सिद्धा तालाब के निकट काशीराम कॉलोनी में कुछ समय से शरीफ मंसूरी उर्फ कल्लू का परिवार बिना कॉलोनी आवंटित कराए ही वहां रह रहा है। उसकी पत्नी पहले ही घर से चली गई थी। उसके तीन लड़कियां व दो लड़के का परिवार है।

बुधवार सुबह करीब 10 बजे उसकी बड़ी पुत्री सानिया (16) और उससे छोटे भाई के बीच किसी मामले को लेकर विवाद हुआ। तभी सानिया कमरे की छत के कुंडे पर भाई के मफलर से फंदा लगाकर लटक गई। पिता उस समय बाहर था। छोटे भाई बहनों ने शोर किया। जब तक लोग आए उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस घटना से घर में कोहराम मचा है।

## संदिग्ध हालात में वृद्ध घर के अंदर मृत मिला

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

● किराए के मकान में रहकर बच्चों को पढ़ाता था ट्यूशन

**अमृत विचार।** नगर में विद्यादेवी पालीवाल इंटर कालेज के निकट रह रहे एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में दो दिन पूर्व मौत हो गईं। शव से सड़ांध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत का कारण पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट होगा। गर्मी होने से मौत होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

मुस्करा थाने के गुंदेला गांव निवासी अलछेंद्र (60) पुत्र शंभूदयाल कस्बे में विद्या देवी पालीवाल कालेज व बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निकट सर्वोदय आश्रम के निकट किराए के मकान में रहता था। वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था।

अनुमान लगाया जा रहा है कि इस भीषण गर्मी के कारण उसकी मौत हुई है। दो दिन बाद जब उसके कमरे से दुर्गंध आने लगी तो बुधवार की दोपहर अन्य किराएदारों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो कमरे में अलछेंद्र मृत अवस्था में मिला। गर्मी की वजह से शव पूरी तरह फूल चुका था।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पत्नी लक्ष्मी सरीला में नर्स पद पर कार्यरत हैं। उसके दो पुत्र अमीतेंद्र और सुमित अपने परिवार के साथ सरीला में रहते हैं।

सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो उनके बीच कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि शव को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि वृद्ध की मौत गर्मी की वजह से हुई है। परिजनों के प्रार्थना पत्र के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

जागरुकता | समर्थ फाउंडेशन की ओर से कराया गया जिला संवाद का आयोजन, 10 गांवों में हुआ सर्वे

# सर्वे का निष्कर्ष, किशोरियों को नहीं मिल रहे सेनेटरी पैड

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

● कुरारा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों की किशोरियों ने लिया भाग


संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेती किशोरियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यक्रम के तहत विकासखंड कार्यालय में जिला संवाद का आयोजन समर्थ फाउंडेशन की ओर से कराया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रबंधक राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम गौरीश पाल रहे। इसमें कुरारा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों की 35 से अधिक किशोरियों युवतियों ने भाग लिया। वहीं 10 गांवों में हुए सर्वे में पाया गया 105 किशोरियां ने कहा उन्हें सेनेटरी पैड उपलब्ध नहीं हो रहे हैं।

गौरीश पाल ने कहा कि स्कूलों में शिकायत पेटिका इसी कार्यक्रम के तहत लगवाई जा रही हैं। हर स्कूल में एक एम्बेसडर एवं दो किशोरी को मैसेंजर बनाया जा रहा है। वह लोग अपने स्वास्थ्य, जेंडर बराबरी, एड्स, माहवारी जैसे अन्य विषयों पर जागरूक होंगे। कहा एक साल में किशोरियों, युवतियों को 13 सेनेटरी पैड निशुल्क मिलते हैं। एनीमिया स्क्रीनिंग और आयरन फोलिक एसिड नीली गोली सभी को मिल सके यह सुनिश्चित किया जाएगा। बीपीएम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के राहुल सचान ने कहा कि वह लगातार उसे निगरानी एवं समन्वय के माध्यम से किशोरियों को मिलने वाली स्वास्थ्य योजना एवं कार्यक्रमों के बेहतर तालमेल करेंगे। बीसीपीएम सुधीर साहू ने कहा कि आशा से संपर्क करें और आशा उन्हें जानकारी के साथ वीएचएनडी जैसे कार्यक्रमों से उन्हें जोड़ेंगी। सहयोग संस्था लखनऊ की पूनम ने कहा कि युवतियां और किशोरियों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। वह अपने प्रजनन और स्वास्थ्य अधिकारों के बारे में जानें।

सखी वन स्टाफ केंद्र की मोनिका गुप्ता ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जैसी योजनाओं की जानकारी दी। एआरपी मनोज कुमार पांडेय ने कहा बच्चों और किशोरियों को स्कूल तक पहुंचने वाली हर स्वास्थ्य सुविधा मिले। समर्थ फाउंडेशन के देवेंद्र गांधी ने बताया कि 10 गांवों में एक सर्वे किया गया जिसमें 105 किशोरियां में निकल कर आया कि सेनेटरी पैड उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। जिला स्तर पर महिला और पुरुष काउंसलर जो कि किशोर किशोरियों को स्वास्थ्य परामर्श प्रदान कर सके ऐसे लोगों की नियुक्तियां होना आवश्यक है। राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ मिलकर के अपने जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रम के विस्तार के लिए प्रयास किए जाएंगे।

## लोकसभा प्रत्याशी की गायब बेटी को किया बरामद

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी की गायब हुई बेटी को पुलिस ने बरामद कर डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है। प्रत्याशी की बेटी को पड़ोसियों ने गायब किया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कस्बा निवासी लोकसभा प्रत्याशी का आरोप है कि 26 मई की रात करीब 11 बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी को पड़ोसी घर से ले गए थे। इसकी शिकायत उसने 27 मई को थाने में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। 28 मई को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद किया। 29 मई को पुलिस ने उसको डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि किशोरी तीसरी बार घर से गायब हुई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

● दिल्ली से लौटा था युवक घर पहुंचने से पहले ही हो गई मौत

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के अतरौलिया मोहल्ले के निवासी रामशरण राजपूत ने बताया कि उसका 30 वर्षीय पुत्र शैलेंद्र राजपूत 25 दिन पहले दिल्ली में काम करने के लिए गया हुआ था। तथा वह मोहल्ले के ही अपने एक साथी के साथ दिल्ली से राठ आने के लिए निकला था। तथा दोनों लोग दोपहर 12 बजे राठ के रोडवेज बस स्टैंड में आ गए थे। जिसके बाद शैलेंद्र ने साथ आए अपने दोस्त से बैंक से रुपए निकालने की बात कहते हुए चला गया। जिसके बाद जैसे ही वह राठ कस्बे के अतरौलिया गेट की तरफ वह पहुंचा तभी अचानक उसी दौरान वह बेहोश होकर गिर गया। जिसके बाद दुकानदारों और राहगीरों की सूचना पर वह लोग शैलेंद्र को गंभीर अवस्था में आनन फानन में इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुस्तक के परिजनों ने बताया कि मृतक शैलेंद्र दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। जो कि अपने पीछे पत्नी पूनम और मां इंद्र कुमारी के अलावा दो वर्षीय पुत्री गुनगुन सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी पति को सात वर्ष का कठोर कारावास

## शादी के एक साल बाद ही दहेज के लिए पत्नी की जलाकर कर दी थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** दहेज के लालच में पत्नी की जलाकर हत्या करने के आठ साल पुराने मामले में अदालत ने आरोपी पति को दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम मनोज कुमार शासन की अदालत ने दोषी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता महेश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि कोतवाली मौदहा कस्बे के मोहल्ला कुम्हरौड़ा निवासी पीड़ित पिता मुरलीधर ने 25 मई 2016 को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उसने अपनी बेटी सोनी का विवाह कोतवाली क्षेत्र के अरतरा गांव निवासी भरतलाल के साथ पांच जून 2015 किया था।

- अदालत ने पांच हजार का लगाया अर्थदंड



अपनी क्षमता के अनुसार दहेज में सारा सामान आदि दिया था। लेकिन, ससुरालीजन शादी के कुछ दिन बाद से ही बेटी को प्रताड़ित कर अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। जिस पर उसने कहा कि जब उसके पास पैसा हो जाएगा तो मांग पूरी कर देगा। बताया ससुरालीजन पति सहित सास चुनूबादी, ससुर देवीदीन, देवर मुकेश व सुरेश दहेज की लालच में आकर उसकी बेटी को 24 मई 2016 को दोपहर करीब 12 बजे जलाकर मार डाला। बताया कि देवर मुकेश ने फोन करके उसे बताया कि उसकी बेटी ने आग लगा ली है। जबकि उसकी हत्या कर ससुरालीजनों ने आत्महत्या साबित करने के लिए आग लगा दी। मामले में पुलिस ने सभी ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्जकर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी सास, ससुर व दोनों देवरों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त किया है। जबकि आरोपी पति को दोषी करार करते हुए गैर इरादतन हत्या के मामले में सजा सुनाई है।

### लूट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली पुलिस ने लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन आरोपी युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटे गए रुपये, मोबाइल और अवैध तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि क्षेत्र में लूट और टप्पेबाजी की घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं। जिनकी रोकथाम को लेकर पुलिस ने अभियान चलाकर तीन लुटेरे युवकों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। कोतवाली पुलिस ने मनीष राजपूत पुत्र राजेश निवासी लींगा थाना राठ, दशरथ प्रजापति पुत्र दुर्जन प्रजापति निवासी थाना मटौंध जनपद बांदा और खेमचंद्र राजपूत पुत्र अवध सिंह निवासी नौसारा थाना चरखारी जनपद महोबा को गिरफ्तार किया। बतादें कि मंगलवार को शिवराम सोनी पुत्र बारेलाल सोनी निवासी अनघौरा थाना चरखारी जनपद महोबा अपने साथी रमेश राजपूत के साथ अपने घर अनघौरा जा रहे थे। बसवाहा नाला रपटा के पास पहुंचने पर वहां पहले से खडे.तीन बदमाश युवकों ने तमंचा लगाकर 500 रुपये, मोबाइल लूटकर ले गए थे। पीड़ित ने थाने में घटना की तहरीर दी थी। बुधवार को कोतवाली पुलिस ने लूट करने वाले तीनों आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया।कोतवाल उमेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## घरेलू कलह से किशोरी ने लगाई फांसी

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के छिमौली मार्ग स्थित काशीराम कॉलोनी में रह रहे एक परिवार की किशोरी ने मामूली कलह के बाद कपड़े का फंदा गले में डाल आत्महत्या कर ली। इस घटना को लेकर पड़ोसियों में कई तरह की चर्चा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

छिमौली मार्ग सिद्धा तालाब के निकट काशीराम कॉलोनी में कुछ समय से शरीफ मंसूरी उर्फ कल्लू का परिवार बिना कॉलोनी आवंटित कराए ही वहां रह रहा है। उसकी पत्नी पहले ही घर से चली गई थी। उसके तीन लड़कियां व दो लड़के का परिवार है।

बुधवार सुबह करीब 10 बजे उसकी बड़ी पुत्री सानिया (16) और उससे छोटे भाई के बीच किसी मामले को लेकर विवाद हुआ। तभी सानिया कमरे की छत के कुंडे पर भाई के मफलर से फंदा लगाकर लटक गई। पिता उस समय बाहर था। छोटे भाई बहनों ने शोर किया। जब तक लोग आए उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस घटना से घर में कोहराम मचा है।

# अधिशासी अधिकारी ने दिए गौशाला में पशुओं को छाया में रखने के निर्देश

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में कालपी हमीरपुर हाईवे के किनारे नवनिर्मित नाला निर्माण कार्य व विभिन्न स्थानों पर खोले गए प्याऊ और गौशाला का स्थलीय निरीक्षण अधिशासी अधिकारी अभिमन्यु कुमार ने किया। साथ ही नाला की लंबाई चौड़ाई की नाप कराई।

कस्बे में कालपी हमीरपुर हाईवे के किनारे हो रहे नवनिर्मित नाला निर्माण कार्य का बुधवार को अधिशासी अधिकारी (अतिरिक्त एसडीएम) अभिमन्यु कुमार, जेई राजेश द्विवेदी व नगर पंचायत के कर्मियों के साथ स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे। जहां नवनिर्मित नाला निर्माण का कार्य देखा। तो नाले की लंबाई चौड़ाई की नाप कराई। कस्बे में विभिन्न चौराहे पर खोले गए प्याऊ का स्थलीय निरीक्षण किया। जहां उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि घड़ों में दिन में तीन बार पानी भरें। जिससे यात्रियों व राहगीरों को ठंडा व शुद्ध पेयजल मिलता रहे। एसडीएम ने कहा कि अगर कस्बे में कोई भी हैंडपंप खराब



नवनिर्मित नाले का निरीक्षण करते ईओ। अमृत विचार



नाले की नाप करता राजमिस्त्री। अमृत विचार

हो तो तत्काल सही कराया जाएगा। इसके बाद गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। जहां उन्होंने कहा कि पशुओं को धूप से बचाने के लिए छाया में रखने और पानी की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नरेंद्र सिंह, अनिरुद्ध पांडे आदि मौजूद रहे ।

# श्रीमद्भागवत कथा शुरू निकाली गई कलश यात्रा

संवाददाता माधौगढ़ (जालौन)

**अमृत विचार।** रामपुरा क्षेत्र के ग्राम हुसेपुरा में हनुमान मंदिर स्थित मद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ की शुरुआत भव्य कलश यात्रा निकालकर किया गया। भागवत महापुराण की कलश यात्रा मंदिर कथा पंडाल से प्रारंभ की गई एवं गांव का पैदल भ्रमण करते हुए यमुना तट पहुंची जहां से जल लेकर बापस कथा पंडाल पहुंची श्री मद भागवत कथा का श्रवण पान वृंदावन से पधारे कथा वाचक आचार्य आशीष कृष्ण महाराज द्वारा कराया जायेगा। कथा के दौरान कथा वाचक ने भागवत महापुराण का प्रथम श्लोक श्रोताओं को सुनाया एवं उन्होंने कहा कि प्रभु की अमृतमयी लीलाओं का रसपान करने मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है। आगे कथा व्यास ने ज्ञान - वैराग्य की चर्चा की उन्होंने कहा कि नारद जी भ्रमण कर गुजर रहे थे कि उन्हें एक नवयुवती की गोद में दो वयोवृद्ध दिखाई पड़े नारदजी उस युवती के पास गये पूछा आप कौन है कहां से आई हो उस युवती ने बताया कि मैं भक्ति हूं और मेरे गोद में लेटे ये दो वयोवृद्ध ज्ञान और वैराग्य हैं। भक्ति ने कहा कि कई जगह पर जाने पर भी शांति न मिली समय के चक्रव्यु में आज ज्ञान वैराग्य की ऐसी अवस्था है नारद जी ने श्रीमद भागवत का अवस्मरण करवाते हुए कहा कि सारे वेद वेदांतो एवं पुराणों का सार ही श्रीमद भागवत है इस प्रकार स्मरण से प्रभु अपनी लीलाओं को करते है एवं मनुष्य को इसके श्रवण मात्र से ही भक्त ज्ञान वैराग्य जागृत होता है।



आशीष कृष्ण महाराज।

# चौ.चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को पुण्य तिथि पर याद करते हुए राष्ट्रीय लोकदल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें किसानों का मसीहा बताया। इस मौके पर सभी ने उनके बताए रास्ते और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

कटरा स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय में बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न चैधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि सादगी के साथ मनाई। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। पुण्य तिथि पर उनके बताए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि वह किसान होने के साथ कुशल राजनेता थे। सही मायनो में चैधरी



पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते रालोद कार्यकर्ता। अमृत विचार

चरण सिंह किसानों व मजदूरों के मसीहा थे। प्रमुख संगठन महासचिव नईम नेता ने कहा कि वह गरीबों और किसानों के मसीहा थे।

किसान व पिछड़े वर्ग के दिलों में हमेशा बसे रहेंगे। चैधरी साहब ने जीवन भर किसानों के लिए संघर्ष किया। ऐसे महान व्यक्ति को हाल ही में भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से नवाजा है। इस मौके पर जिला महासचिव अमित गुप्ता मनीष, जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार सेन, अमित सैनी उर्फ राजू, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष पंकज लखपति, सहदेव शुक्ला, अमित गुप्ता रिंकू, युवा जिला अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, शिव बहादुर सिंह, पुनीत गुप्ता, सुनील राजपूत समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालात में पावर हाउस में श्रमिक की मौत

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत पावर सबस्टेशन में तैनात 50 वर्षीय सरकारी श्रमिक का शव उसी के कमरे में संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ है। मौके पर स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जनपद सुल्तानपुर के दत्तकपुरवा गांव निवासी ओमप्रकाश निषाद (50) लगभग 11 साल से खेड़ा शिलाजीत पावर स्टेशन में सरकारी श्रमिक के पद पर तैनात थे। मंगलवार की देर रात वह पावर स्टेशन में बने कमरे में सोने चले गये थे। बुधवार की सुबह जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकले तो पावर स्टेशन के कर्मचारियों ने वहां जाकर देखा तो वह मृत अवस्था में पड़ा था। आनन फानन में कर्मचारियों ने

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों व मृतक के परिजनों को दी। मृतक के छोटे भाई जगदीश निषाद ने बताया कि वह आठ भाइयों में सबसे बड़े थे। वह अपने पीछे पत्नी सविता (45) पुत्र सुजीत (21) बेटी मुस्कान (19) को छोड़ गए हैं। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। एसडीओ शिवेंद्र कुमार बाजपेयी ने बताया कि वह अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़े थे। इसकी सूचना कर्मचारियों ने उन्हें दी थी।

थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित ने बताया की मौत का कारण अभी साफ नहीं हो सका है। मौके पर डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम घटना की जांच कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बबेरू में लू से अधेड़ की जान गई

**बबेरू बांदा।** तिंदवारी रोड निवासी गायत्री नगर निवासी सुरेश कुमार गुप्ता पुत्र पारागीलाल (50) मंडी में चाय की गुमटी रख कर जीवनयापन करता था। बुधवार की दोपहर वह चाय की दुकान पर गया था, वही पर लू लग जाने से गिर कर बेहोश हो गया। काफी समय तक वह वहीं पड़ा रहा। लोगों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शरीर पर फफोले पड़ गए थे।

## खौलते दूध में बच्चा गिरा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मझपुर्वा निवासी मीडियाकर्मी मो. अफगन का पुत्र फुरकान (03) बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे लघुशंका करने जा रहा था। तभी असंतुलित होकर पास में रखे गर्म दूध के बर्तन पर गिर गया। इससे झुलसकर गम्भीर रूप से घायल हो गया।

# टप्पेबाजी मामले में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गल्ला मंडी स्थित एसबीआई की कृषि विकास शाखा से रुपये निकालकर ई-रिक्शा में सवार होकर आते अधेड़ के साथ हुई एक लाख रुपये की टप्पेबाजी मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली के सामने हुई घटना के बाद दंपत्ति की चीख पुकार पर पुलिस ने बाइक सवार टप्पेबाजों का पीछा किया था। पुलिस से बचाव में कुछ रुपये फेंक भाग निकले थे।

बीते मंगलवार को चिकासी थाना के जिगनी गांव निवासी वीरपाल ने पुलिस को बताया कि राठ उरई मार्ग पर इंडस वैली स्कूल के पास मकान बनवा रहा है। निर्माण सामग्री खरीद को वह अपनी पत्नी गायत्री



जेब दिखाता पीड़ित।

- टप्पेबाजों ने कुछ रुपये उड़ाकर पुलिस को चकमा दिया

को लेकर गल्ला मंडी में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की कृषि विकास शाखा गया । और तीन लाख रुपये निकाले। वहीं पर दो लाख रुपये सीमेंट, सरिया, गिट्टी आदि की खरीद पर चुकता कर दिए। एक लाख रुपये पेंट की जेब में रख पत्नी के साथ रिक्शा में सवार हो आते समय साथ बैठे एक टप्पेबाज ने कोतवाली गेट के पास उसकी जेब को एक लाख रुपये काट लिए और रिक्शा से उतरकर अपने साथी के साथ बाइक से भागने लगा। रुपये कटने पर वह लोग चीखने चिल्लाने लगे। तब कोतवाली में मौजूद दो दरोगा मनोज पांडे व हुल्लड़ पाल ने बाइक से भाग रहे टप्पेबाजों का पीछा किया। इस बीच नहर बाईपास पर टप्पेबाजों ने कुछ रुपये उड़ा दिए। जिन्हें समेटने में पुलिस लग गई और टप्पेबाज भाग निकले। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि टप्पेबाजों द्वारा फेंका गया कुछ रुपया पुलिस ने बरामद किया है। वीरपाल सिंह की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ धारा 379 आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने फेंक गए 37000 रुपये इकट्ठा किए हैं। टप्पेबाज की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# भांग की दुकान पर गांजा बेचते सात लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** जनपद की अधिकतर भांग की दुकानों पर गांजा की बिक्री होने की खबरें काफी समय से मीडिया की सुर्खियों में रही हैं। लेकिन इसके बाद भी आबकारी विभाग के अधिकारी ने भांग के लाइसेंस धारकों की दुकानों पर कभी भी जांच करने की जहमत नहीं उठाई।

इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक इरज रजा के निर्देश पर एसओजी एवं सर्विलांस टीम ने बीती देर शाम उरई शहर की तीन, जालौन कस्बा तथा गोहन कस्बे की सात दुकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान भांग की दुकान पर गांजा की अवैध बिक्री करते हुए सात दुकानों से सात सेल्समैनों रामू पुत्र माताप्रसाद, आकाश पुत्र विनोद सोनी, उपेंद्र पुत्र श्याम सुंदर, सोनू पुत्र बबलू राठौर, रामनगर उरई, अल्लादीन पुत्र करीम उरई, उमेश पुत्र लाखन सिंह जालौन तथा सुखाराम सिंह पुत्र हरिश्चंद्र गोहन को गिरफ्तार किया। साथ ही भांग ठेकों के लाइसेंस धारी राकेश गुप्ता ,सोनू शिवहरे, आशीष शिवहरे तथा ब्रजेश शिवहरे के नाम भी रिपोर्ट दर्ज की है।

# जिला अस्पताल में परखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारियों ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं परखीं। गर्मी के मद्देनजर स्टोर में रखीं जीवन रक्षक दवाओं की जानकारी ली। अस्पताल व वार्डों में बने शौचालय में सफाई व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया। चिकित्सकों द्वारा मरीजों की दवाएं बाहर से लिखने पर अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए इस पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार व एडीएम (न्यायिक) अभिताभ यादव ने बुधवार को संयुक्त रूप से जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान



जिला अस्पताल का निरीक्षण करते एडीएम। अमृत विचार

गर्मी के चलते अस्पतालों की भीड़ व्यवस्थाओं का लिया जायजा। अपर जिलाधिकारियों ने सबसे पहले ट्रामा सेंटर, पर्चा काउंटर, औषधि वितरण केंद्र, महिला वार्ड, टॉयलेट और बर्न वार्ड में लगे एसी व कूलर देखे। इसके बाद पैथोलॉजी व दवा स्टोर रूम आदि चेक किया। मरीजों और तीमारदारों से दवाओं के बारे में पूछताछ की। बाहर की दवाएं लिखने पर अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए सीएमएस से इस पर रोक लगाने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि मरीजों को दवाएं बाहर की न लिखी जाएं। शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**तकनीक** 220 केवी विद्युत उपकेंद्र में ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए बना संयंत्र

# मल्सीफायर सिस्टम दे रहा ट्रांसफार्मरों को 'संजीवनी'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** वातावरण की गर्मी से विद्युत उपकेंद्रों में लगे ट्रांसफार्मर जहां ओवरहीट हो रहे हैं, वहीं 220 केवी विद्युत उपकेंद्र में ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए आधुनिक मल्सीफायर सिस्टम लगाया गया है। यह ट्रांसफार्मर का तापमान बढ़ते ही स्वतः चालू हो जाता है और पानी की बौछार कर उसे ठंडा कर देता है। इस संयंत्र के माध्यम से ट्रांसफार्मर फुंकने से बच जाते हैं।

शहर के 132 केवी मकरंदनगर में करोड़ों रुपये कीमत के ट्रांसफार्मर लगे हैं, लेकिन इनको ठंडा करने के लिए मल्सीफायर सिस्टम नहीं लगाया गया है। ऐसे में जब वातावरण का तापमान जब 45 डिग्री तक पहुंच जाता है तो ट्रांसफार्मर आग उगलने लगते हैं और उनका तापमान 65 डिग्री



220 केवी विद्युत उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर में लगा मल्सीफायर सिस्टम।





मल्सीफायर सिस्टम का नियंत्रण कक्ष। अमृत विचार

- मौसम की मार से 65 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच रहा ट्रांसफार्मरों का तापमान

तक पहुंच जाता है। ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए वॉटर कूलर लगाने पड़े और सबमर्सिबल से उनके रेडिएटरों पर पानी डालकर ठंडा किया जाता है। वहीं, 220 केवी विद्युत उपकेंद्र छिबरामऊ में सभी ट्रांसफार्मरों को फुंकने से बचाने के लिए अत्याधुनिक मल्सीफायर सिस्टम लगाया गया है, जो ट्रांसफार्मर के ओवरहीट होते ही स्वतः चालू हो जाता है और उसे ठंडा कर देता है। इतना ही नहीं, ट्रांसफार्मर के रेडिएटरों में मोटर भी लगी होती है तो तेल को ऊपर तक प्रवाहित करती है, जिससे ट्रांसफार्मर का तापमान सामान्य हो जाता है।

> करोड़ों रुपये कीमत के ट्रांसफार्मरों को फुंकने से बचाने के लिए मल्सीफायर सिस्टम लगाया गया है। इस तकनीक के माध्यम से मैन्युअल तरीके से ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने की आवश्यकता नहीं है। अभी यह योजना ट्रांसमिशन के लिए ही आई है।
>
> –दिग्विजय सिंह, उपखंड अधिकारी (ट्रांसमिशन)

### कैसे काम करता मल्सीफायर सिस्टम

- 220 केवी विद्युत उपकेंद्र के इंजीनियर सूर्यप्रताप सिंह चौहान ने बताया कि ट्रांसफार्मर में एक सेंसर लगाया गया है जो तापमान बढ़ते ही मल्सीफायर कंट्रोल यूनिट को सूचना देता है और मशीन अपने आप ही चालू हो जाती है। ट्रांसफार्मर के आसपास लगे नोजल से पानी की बौछार होने लगती है, जिससे कुछ ही देर में ट्रांसफार्मर ठंडा हो जाता है। इस दौरान आपूर्ति भी बाधित नहीं होती है। मल्सीफायर से निकला पानी भी बर्बाद नहीं होता है और टैंक में एकत्र होकर दोबारा काम में आ जाता है। मल्सीफायर चालू होने पर अलार्म भी बजता है।

## दुर्घटना में डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई

**सौरिख।** छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव अतरौली निवासी अमन कुमार पुत्र अहवरन ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि 28 मई को दोपहर दो बजे वह अपने सोनालिका ट्रैक्टर से बच्चे के अन्नप्राशन संस्कार के लिए सौरिख थाना क्षेत्र के गांव कुसका मंदिर जा रहा था। ट्रैक्टर चालक गुड्डू निवासी रसूलपुर नवीगंज थाना बेवर जनपद मैनपुरी चला रहा था। ट्राली में घर परिवार के लोग एवं रिश्तेदार सवार थे। ट्रैक्टर कुसका मोड़ पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ट्राली में टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर सहित ट्राली रोड पर पलट गई। इस दुर्घटना में नीतू पत्नी धर्मेंद्र सहित दस लोग गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख भेजा गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सार-संक्षेप

### विचाराधीन बंदियों के लिए लगाई गई विशेष लोक अदालत

**हमीरपुर।** अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीतांजलि गर्ग ने बताया कि जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला कारागार में तीन दिवसीय विचाराधीन बंदियों के हितार्थ विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारी निहारिका जायसवाल ने कुल 20 मामलों का निस्तारण व अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शंशाक सिंह ने एक वाद का निस्तारण किया। बताया विशेष लोक अदालत आयोजन पिछले 27 से 29 मई किया गया।

### दीवार से गिरे किशोर की हालत नाजुक

**कुरारा।** थानाक्षेत्र के डामर गांव में मकान की दीवार में पानी डाल रहा किशोर का पैर फिसलने से नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। डामर निवासी रोहित (16) पुत्र वीर सिंह यादव बुधवार सुबह 10 बजे मकान की दीवार में पानी डालकर तराई कर रहा था। तभी अचानक पैर फिसलने से नीचे गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।

### जय श्रीराम की जगह जय भीम कहने पर युवक को पीटा

**तिर्वा, कन्नौज।** जय श्रीराम न बोल जय भीम कहकर जवाब देने पर आक्रोशित लोगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। उसे परिजनों ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाली के पचौर चौकी क्षेत्र के अकुडिया गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र रामेश्वर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह मंगलवार को तिर्वा आया था। वहां से शाम के समय घर जा रहा था। रास्ते में गागेमऊ गांव निवासी सावेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र, सुमित सिंह पुत्र सावेंद्र, रामबाबू पुत्र लाल सिंह मिले और उससे जय श्रीराम कहा। उसने जवाब में जय भीम कह दिया। इस पर आक्रोशित हुए उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने पर एससीएसटी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच सीओ को सौंप दी।

# गर्मी ने ढाया सितम, 47 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा

## डीएम राजेश कुमार पांडेय ने गर्मी को देखते हुए 15 जून तक आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए अवकाश घोषित किया

कार्यालय संवाददाता, जालौन


गर्मी से बचने को मुंह बांधकर जाती युवती।


खराब हैंडपंप दिखाते स्थानीय लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नौतपा में भीषण गर्मी की वजह से जालौन का तापमान 47 डिग्री पहुंच गया है। आलम यह है कि सुबह आठ बजे से ही धूप में निकलना मुश्किल होने लगा है। सुबह 11 बजे तक सड़कों, बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए डीएम राजेश कुमार पांडेय ने आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 जून तक का अवकाश घोषित कर दिया है। जिलाधिकारी ने कहा है कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका अपने केंद्र पर उपस्थित रहते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी लेकिन बच्चों का अवकाश रहेगा।

नौतपा के चलते तापमान काफी बढ़ा हुआ। बुधवार को कंट्रोल रूम के अनुसार अधिकतम तापमान 47 डिग्री तथा न्यूनतम 35 डिग्री दर्ज किया गया। इससे रात और दिन दोनों खासे गरम रहे। सुबह सूरज के निकलते ही गर्मी का प्रकोप और बढ़ गया। सुबह आठ बजे ही धूप असहनीय हो गई। लोग आवश्यक कामों के लिए ही घरों से बाहर निकले। धूप और गर्मी के कारण सड़कों और गलियों के साथ ही बाजारों में भी सन्नाटा नजर आया।

**● पालिका ने बाजार में टैंकरों से पानी का कराया छिड़काव**

इधर गर्मी को ध्यान में रखते हुए सीएमओ ने लोगों को हीट स्ट्रोक से बचने के उपाय बताए हैं। वहीं बुधवार को बाजार तथा व्यवसायिक क्षेत्र में लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा टैंकरों से पानी का छिड़काव कराया गया। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, निर्माण लिपिक सरफराज खान, सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह यादव आदि कर्मचारियों की देखरेख में टैंकरों में पानी भरकर नगर के अलग-अलग स्थानों, मुख्य बाजार टरननगंज, खोवा मंडी, सर्राफा बाजार, मूंगफली मंडी, सब्जी मंडी आदि स्थानों में घूम-घूमकर पानी का छिड़काव किया गया। पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि भीषण गर्मी से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए पालिका के द्वारा लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है व गर्मी से बचाव के लिए उचित प्रबंध भी किये गए हैं।

### बस स्टैंड का हैंडपंप खराब, परेशान हो रहे यात्री

**माधौगढ़ (जालौन)।** भीषण गर्मी और तपन का दौर चरम पर है। ऐसे में जरा देर में ही हलक सूखने लगता है। ऐसे में रामपुरा कस्बे के चितौरा बस स्टैंड में लगा हैंडपंप महीनों से खराब है। इसके चलते बस स्टैंड से गुजरने वाले सैकड़ों यात्री परेशान होते हैं क्योंकि इस बस स्टैंड से लगभग 300 मीटर की परिधि में पीने के पानी का और कोई जरिया नहीं है। नगर पंचायत के सभासद अरविंद सेंगर ने बताया कि नगर पंचायत प्रशासन, तहसीलदार और जिला प्रशासन को अनेकों बार लिखित और मौखिक रूप से बताया पर आज तक हैंडपंप सुधारा नहीं गया। मोहल्ले के गजेंद्र, तौफिक खान, रवि चिकवा, सावन दोहरे, महेंद्र कठेरिया, जगराम दोहरे सहित दर्जनों लोगों ने हैंडपंप सुधरवाने की मांग प्रशासन से की है। वहीं सभासद का कहना है कि नगर पंचायत के द्वारा चितौरा बस स्टैंड पर प्रतीक्षालय में चार मटके रखकर प्याऊ की शुरुआत की गई थी। मगर कोई प्याऊ के मटके ही उठा कर ले गया। इसके बाद नगर पंचायत ने कोई ध्यान नहीं दिया।

### गृह भ्रमण, पोषण ट्रैकर पर सक्रिय रहने के निर्देश

डीएम ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के परिसरो में संचालित हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले सभी बच्चे तीन से छह वर्ष आयु वर्ग के हैं। इससे हीट स्ट्रोक के चलते नौनिहालों पर कोई बुरा प्रभाव न पड़े इस लिए अवकाश घोषित किया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्मी से बचाव के लिए कोई समुचित साधन उपलब्ध नहीं है। जिले में संचालित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों का ग्रीष्मकालीन अवकाश 15 जून 2024 तक रहेगा। उन्होंने कहा है कि कार्यकर्ता गृह भ्रमण और पोषण ट्रैकर एप पर एक्टिव रहें। अवकाश के चलते बच्चों की उपस्थिति आंगनबाड़ी केंद्र पर नहीं होगी लेकिन सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका अपने केंद्र पर उपस्थित रहेंगी। पोषण ट्रैकर एप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी। लाभार्थियों को पोषण ट्रैकर एप पर आधार सत्यापन, ड्राई राशन वितरण, गृह भ्रमण सहित सामुदायिक आधारित गतिविधियों और अन्य शासकीय कार्यों का निष्पादन पहले की भांति करती रहेंगी।

### सीएमओ ने हीट स्ट्रोक के बारे में दी जानकारी

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए अनावश्यक रूप से धूप में न जाएं। तेज बुखार, सिर दर्द, उल्टी आना, घबराहट एवं चक्कर आना आदि हीट वेव / लू लगने के लक्षण होने पर तुरना नजदीकी चिकित्सालय से उपचार लें। हीट स्ट्रोक के लक्षण के बारे में बताया कि गर्म लाल शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उथले श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मतली थकान और कमजोरी होना, चक्कर आना आदि हैं। बताया कि ऐसे में अधिक से अधिक पानी पीयें, पसीना सोखने वाले पतले व हल्के रंग के वस्त्र ही पहनें, धूप में जाने से बचें यदि धूप में जाना जरूरी हो तो चश्मे, छाते, टोपी व चप्पल आदि का प्रयोग करें, यदि आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ-पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें और यदि सम्भव हो तो छाते का उपयोग करें। ओआरएस एवं घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें ताकि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। घरेलू, पालतू जानवरों को छायादार स्थानों पर रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने को दें। गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल करें। कहा कि 11 बजे से 3 बजे के बीच बाहर न निकलें, गहरे रंग के भारी एवं तंग वस्त्र पहनने से बचें, खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखें।

# आलमपुरा गौशाला में लगाए 11 पंखे

संवाददाता कालपी(जालौन)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए गर्मी के सितम से इंसान के साथ-साथ पशु-पक्षियों के हाल भी बेहाल होने लगे हैं। गोवंशों को राहत पहुंचाने के लिए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के निर्देशन पर गौशाला में 11 पंखे लगाए गए हैं, जिससे गोवंशों को गर्मी से राहत मिलेगी। राजस्व निरीक्षक तथा गौशाला प्रभारी राम भवन सिंह ने बताया कि नगर के मोहल्ला आलमपुर में स्थित गौशाला को नगर पालिका के द्वारा संचालित किया जा रहा है, वर्तमान समय में 196 गोवंश गौशाला में है। जिला प्रशासन तथा पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के निर्देशन पर गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए गोवंशों के लिए हरा चारा रोजाना उपलब्ध कराया जा रहा है तथा भूसे का पर्याप्त प्रबंध किया गया है। भीषण गर्मी की वजह से गौ आश्रय स्थल के हॉल पर तथा अलग-अलग जगहों में जूट के बोरे लटकाए गए हैं। जिसमें लगातार पानी का छिड़काव किया जाता है। अलग-अलग स्थानों में 11 सीलिंग फैन को भी लगाया गया है, जिससे गोवंशों को गर्मी से राहत मिल सके। गौशाला की व्यवस्था के लिए आधा दर्जन कर्मचारियों की तैनाती की गई है। गौशाला की ऑनलाइन मॉनिटरिंग सीसीटीवी कैमरे से की जा रही है। अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि गौशाला का निरीक्षण करके कर्मचारियों को व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### ताल-तलैया सूखने से परेशान हो रहे मवेशी और पशु-पक्षी

**जालौन।** नहरों में पानी चलने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र के गांव में ताल तलैया नहीं भरे गए, जिसके कारण पशु-पक्षी बेहाल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से समस्या के समाधान की मांग की। भीषण गर्मी के चलते एक ओर लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो रहे हैं तो वहीं दूसरे ओर नहर चलने को एक हफ्ता से अधिक समय हो गया है लेकिन गांव के तालाब नहीं भरे गए। इसके कारण पशु-पक्षी बेहाल हो रहे हैं। वहीं ग्रामीण राकेश कुमार, राम जी, श्याम जी, अनिरुद्ध आदि का कहना है कि गांव की व्यवस्था की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान तथा सचिव की होती है वह लोग कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण मवेशियों के लिए समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि सभी ग्राम प्रधान तथा सचिव को निर्देशित किया जाए तथा समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए।

# भाकपा माले ने चलाया अनाज मांगों अभियान, घर-घर पहुंचे


अनाज मांगों अभियान चलाते भाकपा माले के नेता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले के नेताओं ने बुधवार को विकास खंड महेवा के ग्राम खाकरी में अनाज मांगों अभियान की शुरुआत करते हुए घर घर जाकर संपर्क किया और श्रद्धा के अनुरूप पार्टी को अनाज दान करने की अपील की। भाकपा माले के नेताओं ने बताया कि पार्टी को सुदृढ़ और मजबूत बनाने के लिए अनाज मांगों अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत पार्टी की स्थानीय ब्रांच की भागीदारी, जनता से संवाद, किसान मजदूर के सवाल पर जनता से गांव का सच, लोगों का हक, चुनाव के बाद गांव में पंचायत लगाने, पार्टी के कामरेडों को शिक्षा, ब्रांच की बैठक, ब्रांच सचिव की भूमिका इत्यादि मुद्दों पर आज ग्राम खाकरी की जनता से डोर-टू-डोर घर-घर पहुंच कर संवाद किया गया तथा भारत की संस्कृति, सभ्यता ,इतिहास, भूगोल की जानकारी देते हुए देश व संविधान बचाने के लिए अगले दौर में पंचायत में जन संवाद की तैयारी करते हुए जनसंपर्क किया गया। जनसंपर्क में प्रमुख रूप से जिला सचिव कामरेड राजीव कुशवाहा, कामरेड राम सिंह चौधरी, ब्रांच सचिव कामरेड मुन्ना यादव सहित दर्जनों लोगों ने अभियान में हिस्सा लिया।

# दो दोस्तों ने एक साथ खाया जहरीला पदार्थ, मौत

संवाददाता, कालपी, जालौन


घटना स्थल के पास मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बचपन से एक ही जगह रहकर साथ पले बढ़े.पढ़े दो दोस्तों ने मंगलवार देर रात एक साथ विषाक्त का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार कालपी नगर के दवा व्यवसाई रामप्रकाश वर्मा (प्रकाश) के मुन्ना फुलपावर चौराहे पर दो मेडिकल स्टोर है और वह इस समय नुमाइश मैदान में मकान बनाकर रहते हैं, हालांकि इससे पहले वह हाईवे किनारे स्थित मोहल्ला आलमपुर में रहते थे। इसी दौरान उनके पुत्र अमन वर्मा 25 वर्ष की दोस्ती हम उम्र बालेन्द्र पाल पुत्र रमेशपाल, निवासी तिरही उम्र 25 वर्ष हो गई, और यह दोस्ती वर्षों से चली आ रही थी और उनका ज्यादातर समय साथ ही गुजरता था मंगलवार को भी अमन के साथ उसका दोस्त शाम तक मेडिकल स्टोर पर बैठा रहा और दोनों मेडिकल स्टोर से घर के लिए एक साथ निकले। घर नहीं पहुंचे तो रात लगभग 10 बजे बालेन्द्र के फोन से अमन ने बालेंद्र के भाई को फोन कर विषाक्त सेवन की बात बताई। जानकारी होने पर उसके परिजनों ने अमन के परिजनों को जानकारी दी और दोनों के परिजन नगर के बाहर कर्बला मैदान में उन्हें खोजते हुए पहुंचे। यहां दोनों बेहोशी की हालत में पड़े थे, परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाए लेकिन हालत गम्भीर देख डाक्टर ने उन्हें उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। इस पर परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई ले गए थे लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया था।

**● बचपन के साथी थे, पुलिस मौत के कारण खोजने में जुटी**

मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार दोनों युवकों की मौत प्रथम दृष्ट्या विषाक्त के सेवन से होना ही लग रही है हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### अमन की हो गई थी शादी दो माह का बेटा भी

अमन वर्मा की कुछ वर्षों पूर्व शादी हो गई थी, जिसके चलते पिता ने उसे एक मेडिकल के संचालन की जिम्मेदारी सौंप दी थी और गत दो माह पहले ही उसकी पत्नी ने पुत्र को जन्म दिया था। बालेन्द्र की अभी शादी नहीं हुई थी लेकिन उनकी दोस्ती पर कोई असर नहीं था और जिन्दगी के ज्यादातर पल साथ में ही गुजारते थे।

### मरते दम तक नहीं छोड़ा साथ

बचपन से शुरू हुई उनकी दोस्ती मिशाल बन गई है। परिजनों और उनके जानने वालों की माने तो दोनों में गहरी दोस्ती थी, इसी के चलते अक्सर उन्हे साथ ही देखा जाता था और वह अंतिम घड़ी तक साथ ही रहे है।

### फेसबुक स्टेटस की जांच कर रही पुलिस

दोनों की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस बालेंद्र के फेसबुक स्टेटस की जांच कर रही है। बताया जाता है कि जहरीला पदार्थ खाने से पूर्व उसने फेसबुक स्टेटस पर पोस्ट की थी। हालांकि पुलिस अभी यह नहीं बता रही कि उसमें क्या लिखा था।

## सार-संक्षेप


चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते संगठन के लोग।

### पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई

**उरई (जालौन)।** शहर के मोहल्ला बघौरा उरई में राष्ट्रीय लोक के कार्यकर्ताओं ने संजू अहिरवार के मकान पर बुधवार को किसानों के मसीहा एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 37वीं पुण्यतिथि बनाई। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष विपिन शिवहरे (ध्रुव गुप्ता) की अध्यक्षता में मनाई गई। इस दौरान चौधरी चरणसिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का उपस्थित पार्टीजनों ने संकल्प लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष शिवम वर्मा, जिला प्रवक्ता संजीव अहिरवार, जिला कोषाध्यक्ष मनीष अहिरवार, जिला महासचिव सुनील पाल, जिला सचिव पूर्ण पाल, सैनिक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष वासुदेव यादव, जिला महासचिव अनंत राम कुशवाहा, वरिष्ठ कार्यकर्ता रघुवीर प्रजापति, गौरीशंकर दोहरे, मोनू जाटव, मुस्तकीम खान, जितेंद्र श्रीवास, मोहन गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे

### सिलाई का निशुल्क प्रशिक्षण 30 से

**जालौन।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के लिये 18 से 45 वर्ष की महिलाओं के लिए महिला सिलाई का 30 दिवसीय प्रशिक्षण 30 मई से आरंभ होगा। यह जानकारी संस्थान के संकाय स्वयं प्रकाश शुक्ला ने देते हुए बताया। महिलाओ को स्वरोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से लगातार इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार द्वारा क ई प्रशिक्षण करा रहा है ।यह केंद्र ब्लॉक परिसर में स्थित है जो महिलाओं को प्रशिक्षण दे रही हैं। जिसके तहत 30 मई दिन गुरुवार को महिलाओं के लिए निशुल्क सिलाई का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा जो 30 दिवसीय होगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतया नि:शुल्क है जिसमें प्रशिक्षुओं को रहना,खाना,चाय नाश्ता, यूनिफॉर्म, कॉपी, किताबें इत्यादि नि:शुल्क प्रदान की जाएंगे।

### बार एसोसिएशन का चुनाव आज

**जालौन।** बार एसोसिएशन जालौन के अध्यक्ष व सचिव पद पर चुनाव 30 मई को होंगे। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष एपी सिंह, अशरफ अली, राम धीरज सिंह, अजीज अहमद , योगेश चंद्र त्रिपाठी एवं चुनाव अधिकारी जेपी श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि इस बार बुंदेलखंड बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष व सचिव पद पर दो-दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अध्यक्ष पद पर एक बार अध्यक्ष रह चुके जितवार सिंह पुन: चुनाव मैदान में हैं। जबकि सचिव पद पर नरेंद्र बाबू दुबे व दीक्षित के बीच सीधी लड़ाई है।

# झगड़ा करते चार आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता,कालपी जालौन



**अमृत विचार।** बुधवार को स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छौक में अलग-अलग स्थानों में झगड़ा करने के आरोप में चार व्यक्तियों को क्षेत्रीय पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार उधारी की रकम को लेकर विक्की पुत्र लाखन सिंह निवासी ग्राम छौक तथा प्रताप सिंह पुत्र मोहर सिंह निवासी पालोखर दतिया मध्य प्रदेश विवाद करने लगे। सूचना मिलने पर निकटवर्ती ज्ञान भारती चौकी के इंचार्ज उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने दोनों को पकड़ लिया। इसी प्रकार इसी ग्राम में भगवान दीन पुत्र रामलाल तथा उदय भान पुत्र शिव प्रसाद निवासीगण ग्राम छौक जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा करने लगे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के निर्देश पर ज्ञान भारती चौकी के इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने सभी चारों आरोपियों का शांति भांग में चालान कर दिया।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता कोंच (जालौन)

**अमृत विचार।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डाढ़ी में बीती देर रात्रि एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। ग्राम डाढी निवासी विवेक अहिरवार पुत्र पूरन 23 वर्ष का एक वर्ष पूर्व ग्राम जेसारी में विवाह हुआ था और उसकी ससुराल में एक शादी थी। शादी सोमवार की रात्रि कोंच कस्बे से हुई थी। बताया जा रहा है कि शादी समारोह के दौरान विवेक से किसी बात को लेकर कुछ ससुराल वालों से तकरार हुई। मंगलवार मृतक विवेक अपने घर लौटा और शाम को विवेक ने एक कमरे के दरवाजे बंद कर फांसी लगा कर जान दे दी। बाद में परिजनों को शादी कार्यक्रम में झगड़ा होने की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### अपहरण कर मारपीट का आरोप

**उरई।** हेमंत कुशवाहा ने कोतवाली कोंच में तहरीर देते हुए बताया कि वह सरोजिनी पार्क की ओर घूमने के लिए निकला था तभी कुछ दबंग कार से मेरे पास आए और हेमंत को पकड़कर एक कार में डाल लिया और गांव के बाहर खेतों में ले जाकर बेल्टों और बिजली के केबल मारपीट की।

**खेल** | पंचनद : चंबल म्यूजियम आयोजित कर रहा है चंबल क्रिकेट लीग

# भिंड ने बिठौली, चौरेला ने सरसई को हराया

संवाददाता, माधौगण जालौन


विजेता टीम के साथ अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पंचनदः चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के 11वें दिन चौरेला ग्राउंड पर भिंड और बिठौली टीमों के बीच दूसरे राउंड का मुकाबला हुआ।

बिठौली ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी भिंड टीम ने निर्धारित 12 ओवर में से 10.2 ओवर में 80 रन पर सिमट गई। बिठौली टीम के खिलाड़ी सचिन यादव ने 4 छक्का और 2 चौका सहित सर्वाधिक 36 रन का योगदान के साथ 2 विकेट भी झटके। जवाब में उतरी बिठौली टीम 11.3 ओवर में 65 रन बनाकर ऑल आउट होने के साथ शिकस्त हुई. बिठौली टीम के खिलाड़ी आलोक ने 2 छक्का सहित 17 रन बनाने के साथ 2 विकेट झटके। भिंड टीम के खिलाड़ी सचिन यादव मैन ऑफ द मैच रहे। सचिन को ट्राफी राजेंद्र सिंह ने दी। चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 की इसी कड़ी में सरसई और चौरेला टीमों के बीच भी दूसरे राउंड का कड़ा मुकाबला हुआ। सरसई ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। चौरेला टीम निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट के नुकसान से 113 रन बनाए. चौरेला टीम के कप्तान वैभव रंजन 2 छक्का और 5 चौका सहित 40 रन का योगदान दिया. जवाब में उतरी सरसई 11.5 ओवर में 98 रन पर ऑल आउट हो गई। सरसई टीम के खिलाड़ी विकास ने 3 छक्का लगाकर 26 रन बनाए। चौरेला टीम के खिलाड़ी और वीरू ने 3-3 विकेट झटके। चौरेला टीम के खिलाड़ी वैभव रंजन मैन ऑफ द मैच रहे। अतिथि के तौर पर अजीत उपाध्याय और दीपक उदैनिया शामिल रहे। चंबल संग्रहालय द्वारा आयोजित जालौन, इटावा और भिंड सीमा पर गहमागहमी बनी हुई है।

### क्रीड़ा स्थल का शीघ्र निर्माण करवाने की मांग

**जालौन।** समाजसेवी गजेंद्र सिंह सेंगर ने जिलाधिकारी जालौन को प्रेषित ज्ञापन में ग्राम कुठौंडा बुजुर्ग में खेल के मैदान को विकसित करने में आरही कठिनाइयों को दूर करने हेतु कार्यवाही किया जाने का आदेश जारी किए जाने की अपील की है। सेंगर ने बताया कि विकासखंड जालौन के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में 4 वर्ष पूर्व खलिहान की भूमि पर क्रीड़ा स्थल चयनित हुआ था ।इस हेतु युवा कल्याण विभाग द्वारा किट भी जारी कर दी गई थी। परंतु खलिहान जिसका गाटा नंबर 291 है काश्रेणी परिवर्तन न किये जाने के कारण भूमि का समतलीकरण,बाउन्ड्रीवाल का निर्माण,गेट निर्माण आदि का कार्य सम्पन्न नहीं हो पा रहा है। श्री सेंगर ने जिलाधिकारी महोदय से खलिहान की भूमि का श्रेणी परिवर्तन का आदेश पारित करने का आग्रह किया है।

### ई-रिक्शा चालक को ईंट-पत्थर से मारा

**उरई (जालौन)।** शहर कोतवाली उरई क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला उमरारखेड़ा में ई-रिक्शा लेकर जा रहे 25 वर्षीय युवक को मोहल्ले के ही शराब में धुत दबंगों ने उसका रिक्शा रोक लिया बाद में गालीगलौज करते हुए सिर में ईंट-पत्थर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने परिजनों के साथ जाकर कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस पीड़ित का मेडिकल जिला अस्पताल में करवा कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला उमरारखेड़ा निवासी राकेश 25 वर्ष पुत्र शंकर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर में बताया कि वह ई-रिक्शा लेकर बाजार की ओर जा रहा था तभी रास्ते में मोहल्ले के ही दबंगों ने उसे रोककर मारपीट की।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**प्लाट बिकाऊ है**

26×100=2600 sqfit हाइवे से 150 metar अन्दर काली सड़क पर पानी बिजली व्यवस्था है।
**पता : रानी बाजार सूबेदार का पुरवा, अमौना जिला- अयोध्या मो0नम्बर = 9721860359 9415548728**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं राममोहन पुत्र श्री विष्णु व रमा देवी पत्नी राममोहन निवासी ग्राम मुरैया थाना तिर्वा जनपद कन्नौज हम दोनों ने अपनी छोटी पुत्री शिल्पी के गलत आचरणों से दुखी होकर उससे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब शिल्पी से हम दोनों व मेरे परिवार से कोई वास्ता और सरोकार नहीं रहा है।

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर-नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना-खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0- 8896030769 /** 9554377000

**सूचना**

मैं अमरेंद्र बहादुर सिंह (सेवा क्रमांक -2890871एम) पिता शालिनी सिंह, दिव्यांशी सिंह, कृष्ण बहादुर सिंह ग्राम-शिवपुर पोस्ट-गहरौली जिला- रायबरेली-229202। सत्यनिष्ठा से घोषित करता हूं कि मेरी सेना डिस्चार्ज बुक में मेरी बेटी और बेटे का नाम गलत लिखा गया है 1. शालनी सिंह का सही नाम है- शालिनी सिंह, 2. दिव्यांशी का सही नाम है- दिव्यांशी सिंह, 3. कृष्ण बहादुर सिंह का सही नाम है-कृष्ण बहादुर सिंह।

**सूचना**

मैंने पंजीकृत चिकित्सकों की देखरेख में शल्य चिकित्सा द्वारा अपना लिंग परिवर्तित करवा लिया है। मैं अपना लिंग परिवर्तन कराकर पुरुष बन गया हूं। मैंने अपनी पुरानी पहचान और पुराना नाम शालिनी शुक्ला का परित्याग कर दिया है। अब मुझे शालिनी शुक्ला के स्थान पर नये नाम शानु शुक्ला से जाना जाये। **शानु शुक्ला पुत्र योगेश शुक्ला निवासी सुल्तानपुर कला पोस्ट आईटीआई इटावा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने चारों पुत्रों अनिल कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार व सत्येन्द्र कुमार उर्फ लाली को उनके गलत चाल चलन, नशेबाजी एवं गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखलर करता हूँ। उपरोक्त चारों पुत्रों द्वारा किये गये किसी भी कार्य की समस्त जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी। मुझसे कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **हरीशंकर पुत्र महराजदीन निवासी ग्राम- पूरेलाल साहब मजरे निसगर परगना- सरेनी तह0 लालगंज, जिला- रायबरेली।**

**सूचना**

मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड सं. -921512215924 में त्रुटिवश नाम तनिषा मलिक (TANISHA MALIK) व जन्मतिथि 30.08. 2003 अंकित हो गयी है जबकि हाईस्कूल की मार्कशीट में नाम अदा मलिक (ADA MALIK) व जन्मतिथि-30.08.2006 है। जो सत्य एवं सही है। अतः आधार कार्ड में नाम अदा मलिक व जन्मतिथि-30. 08.2006 अंकित किया जाये **मलिक मोहम्मद, नि.-485/75ज, लकड़मंडी, जेलर कम्पाउंड, डालीगंज, निरालानगर, लखनऊ 226020**

**सूचना**

मेरे पुत्र के कक्षा आठ के स्थानांतरण प्रमाण पत्र में देव पुत्र जयवीर नाम अंकित हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम देव यादव पुत्र जयवीर सिंह है। विद्यालय के प्रमाण पत्रों में उसका नाम देव यादव पुत्र जयवीर सिंह ही अंकित करते हुए स्थानांतरण प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। **जयवीर सिंह पुत्र रनवीर सिंह निवासी नगला सूरजमन मौजा गींजा सैफई, इटावा।**

